तापमान

अधिकतम 35.8 डिग्री

न्यूनतम 21.4 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 8 मार्च 2026



देवकीनंदन स्कूल में विकलांगों के लिए रखा गया वाहन हो रहा खराब।



# छात्रों ने पूछा- लाउडस्पीकर की आवाज से ध्यान भटक रहा, क्या करूं

## 10वीं–12वीं के छात्रों द्वारा हेल्पलाइन पर पूछे जा रहे इस तरह के सवाल

## गणित और भौतिकी में अच्छे नंबर लाने का शार्टकट है क्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ टोल फ्री नंबर 18002334363 पर कुल 805 कॉल्स का अब तक समाधान

10 वीं और 12वीं की परीक्षाएं जारी हैं। इस दौरान माध्यमिक शिक्षा मंडल की हेल्पलाइन पर विभिन्न प्रकार के प्रश्न आ रहे हैं। कई विद्यार्थी पूछ रहे हैं कि रिजल्ट कब आएगा तो कुछ छात्रों ने नंबर तो मिल जाएगा ना, पास तो हो जाऊंगा ना जैसे सवाल पूछे हैं। विषय विशेषज्ञों ने सभी प्रश्नों का धैर्यपूर्वक उत्तर दिया है, चाहे वह गणित के नए ब्लूप्रिंट के बारे में हो, परीक्षा के दौरान वीक्षक से प्रश्न पूछने का संदेह हो, या आहार एवं पोषण से संबंधित प्रश्न। लाउडस्पीकर की आवाज से ध्यान भटकने पर क्या करें जैसे सवाल भी पूछे गए।

10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा 21 फरवरी से शुरू हो चुकी है। बोर्ड द्वारा जारी हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 18002334363 पर कुल 805 कॉल्स का समाधान किया जा चुका है।

इस हेल्पलाइन का संचालन मंडल कार्यालय के समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार साहू, सिरिज पाल और अंशुमन कसेर द्वारा किया जा रहा है। 6 मार्च को हुई गणित की परीक्षा के दौरान भी गणित विषय विशेषज्ञ हेल्पलाइन पर उपलब्ध रहें और छात्रों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दिया जिससे की अंतिम समय की तैयारी में कोई भ्रम न रहे।

अलग खबर

### पढ़ाई करती हूं तो घबराहट होती है

बिलासपुर की एक छात्रा ने पूछा कि कोई काम करती हूं या पढ़ाई करती हूं तो घबराहट होती है, खाना खाने का मन नहीं करता। धमतरी की 12वीं की एक छात्रा ने पूछा कि क्या गणित के प्रश्नों को हल करने के लिए अभ्यास जरूरी है? फिजिक्स के प्रश्नों को हल करने का कोई शार्टकट मैथड है क्या? परीक्षा में अच्छे अंक कैसे लाए आदि सवाल पूछ रहे हैं। हेल्पलाइन सेंटर में बैठे मनोवैज्ञानिक डॉक्टर और शिक्षक परीक्षार्थियों की काउंसिलिंग कर उन्हें मोटिवेट कर रहे हैं। कुछ विद्यार्थी समय प्रबंधन, याद करने की तकनीक और परीक्षा के डर से जुड़े सवाल भी कर रहे हैं। हेल्पलाइन नंबर में मनोवैज्ञानिक डॉ टूनम देवांगन, अरूणा जैन, मोनिका साहू, विभारानी, वर्षा वर्णीकर, शैक्षणिक काउंसलर स्वाती शर्मा सेवा दे रहे हैं।

### छात्रों के साथ पालक भी मदद मांग रहे हेल्प लाइन से

हेल्पलाइन नोडल अधिकारी डॉ प्रदीप साहू ने बताया कि छग माध्यमिक शिक्षा मंडल के अध्यक्ष रेणु पिल्ले, सचिव पुष्पा साहू के निर्देश अनुसार हेल्पलाइन सेवा 5 फरवरी से शुरू हुई। रविवार और शासकीय अवकाश को छोड़कर छात्र-छात्राएं कार्यालयीन दिनों में सुबह 10 बजे से दोपहर 1.30 बजे तथा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे से हेल्पलाइन नंबर 18002334363 में कॉल कर अपनी समस्या बताकर समाधान पा सकते हैं। हेल्पलाइन सेवा परीक्षा समाप्त होने के एक दिन पहले तक चालू रहेगा। छात्रों के अलावा पालक भी हेल्प लाइन सेंटर से जुड़कर अपने बच्चों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं।

### इस तरह के सवाल पूछ रहे छात्र

9वीं से ही अच्छे अंक का लक्ष्य कैसे बनाएं? क्या गणित में नए ब्लूप्रिंट के अनुसार प्रश्न आएंगे? परीक्षा में कोई प्रश्न न समझ आने पर वीक्षक से पूछना नकल माना जाएगा? लाउडस्पीकर की आवाज से ध्यान भटकने पर क्या करें? रिजल्ट कब घोषित होगा?

## खबर संक्षेप

### ब्राह्मण समाज का होली मिलन समारोह स्थगित

**बिलासपुर**। छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण विकास परिषद द्वारा विवेकानंद उद्यान आर्यन पब्लिक स्कूल राजकिशोर नगर में 8 मार्च को आयोजित ब्राह्मण समाज का होली मिलन समारोह अपरिहार्य कारण से स्थगित कर दिया गया है। आगामी कार्यक्रम की सूचना पुनः दी जाएगी।

### प्रतिभावान व जनप्रतिनिधि सेवा सम्मान आज

**बिलासपुर**। चंद्रा विकास समिति द्वारा चंद्रा चंद्रनाहू समाज का राज्य स्तरीय प्रतिभावान व जनप्रतिनिधि सेवा सम्मान के साथ करियर गाइड कार्यक्रम का आयोजन 8 मार्च को सुबह 11 बजे से पंडित देवकीनंदन दीक्षित सभागृह लाल बहादुर शास्त्री स्कूल शनिचरी में किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक होंगे। इसकी अध्यक्षता श्यामलाल चंद्रा एवं विशिष्ट अतिथि विधायक सुशांत शुक्ला, मेयर पूजा विधानी, द्रौपदी कीर्तन चंद्रा, हरि किशोर चंद्रा, बलराम चंद्रा जैजैपुर, केशव चंद्रा पूर्व विधायक जैजैपुर एवं सामाजिक अध्यक्ष तथा जनप्रतिनिधि को बनाया गया है।

### इंजीनियरिंग कालेज में कम्यूनिकेशन पर सेमिनार

**बिलासपुर**। गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कालेज में 9 व 10 मार्च को दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। विषय इंटेलीजेंट 6 जी कम्युनिकेशन रखा गया है। इस सेमिनार में 6 जी कम्युनिकेशन वे विभिन्न पहलुओं के साथ-साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग तथा मेटा मटेरियल आधारित वायरलेस तकनीकों के बारे में विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए जाएंगे। विशेषज्ञ के रूप में आईआईटी नया रायपुर के प्राध्यापक प्रो. राजश्री महापात्रा, एनआईटी रायपुर के सह-आचार्य डॉ. बी आचार्य, जीजीवी बिलासपुर के सह-प्राध्यापक डॉ. निपुन मिश्रा, जीजीवी बिलासपुर के डॉ. रूचि त्रिपाठी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में प्रतिभागी के रूप में छत्तीसगढ़ के विभिन्न तकनीकी संस्थानों के प्राध्यापक एवं रिसर्च स्कालर्स भाग ले रहे हैं।

### कोकराझार में रोकी जाएगी कामख्या एक्सप्रेस

**बिलासपुर**। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा और मांग को देखते हुए अलीपुरद्वार मंडल के कोकराझार स्टेशन में 22512/22511 कामख्या-एलटीटी और एलटीटी से कामख्या के बीच चलने वाली कर्मभूमि एक्सप्रेस का स्टापेज देने आदेश दिया है। 7 मार्च को आगामी आदेश तक कामख्या से रवाना होने वाली 22512 कामख्या-एलटीटी कर्मभूमि एक्सप्रेस कोकराझार स्टेशन में 21.10 से 21.12 बजे तक और 12 मार्च से आगामी आदेश तक एलटीटी से रवाना होने वाली 22511 एलटीटी-कामख्या कर्मभूमि एक्सप्रेस कोकराझार स्टेशन में 10.30 से 10.32 बजे तक रोकी जाएगी।

# व्यापारी की कार से 8 लाख 15 हजार रुपए, सवा लाख के चांदी के सिक्के लेकर भागा उठाईगीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

व्यापार विहार छोटी पार्किंग के पास एक व्यापारी बिक्री रकम 8 लाख 15 हजार रुपए, 1 लाख 40 हजार के 60 नग चांदी के सिक्के सहित थैला कार में रखकर शटर बंद करा रहे थे। इसी दौरान एक युवक उनकी कार का दरवाजा खोलकर पैसा व सिक्के से भरा थैला चोरी कर भाग निकला। उठाईगीरी की वारदात से व्यापारियों में हड़कंप मच गया। चोरी करने वाले युवक की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। शहर में नाकाबंदी कर उठाईगीर की तलाश की जा रही है।

व्यापार विहार छोटे पार्किंग स्थित हरे कृष्ण ट्रेडर्स के संचालक अजय कुमार अग्रवाल पिता दीनदयाल अग्रवाल ने बताया, शनिवार की रात 8 बजे वे दुकान की बिक्री की रकम 8 लाख 25 हजार रुपए व 1 लाख 40 हजार रुपए के 60 नग चांदी के सिक्के व राइसमिल के पेपर थैले में रखकर बाहर निकले। वे पैसे वाला थैला अपनी बलेनो कार में रखकर दरवाजा बिना लॉक किए दुकान का शटर बंद कराने में व्यस्त हो गए। उसके बाद कार लेकर अपने घर चले गए। घर जाकर कार के अंदर डिक्की खोलकर देखे तो थैला गायब था। उन्होंने अपने हमाल से फोन कर पूछा तो उसने बताया कार का दरवाजा बंद नहीं था। वे आनन फानन में व्यापार विहार अपने दुकान गए और अन्य व्यापारियों को सूचना दी, जिससे व्यापारियों में हड़कंप मच गया। व्यापारियों ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो व्यापारी के द्वारा शटर बंद कराने के दौरान एक युवक उनकी कार के पास आया और दरवाजा खोलकर थैला चोरी कर शर्ट के अंदर छिपाकर जाते नजर आ रहा है। उठाईगीरी की सूचना पुलिस को दी गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस शहर में नाकाबंदी कर उठाईगीर के तलाश में लग गई है।



वह कार जिससे हुई उठाईगीरी।



व्यापारी से पूछताछ करते एसएसपी।

### एसएसपी पहुंच मौके पर

उठाईगीरी की वारदात से पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया। एसएसपी रजनेश सिंह, एएसपी पंकज कुमार पटेल, अन्य राजपत्रित अधिकारी एवं तारबाहर टीआई सहित अन्य थानेदार, एसीसीयू टीम मौके पर पहुंच गई। एसएसपी श्री सिंह ने व्यापारी से उठाईगीरी की जानकारी लेने के बाद अधिकारियों को उठाईगीरों को पकड़ने का निर्देश दिया है। वहीं एडीशनल एसपी पंकज कुमार पटेल ने बताया कि व्यापारी विहार का व्यापारी बिक्री की रकम थैला सहित कार में रखकर दरवाजा लॉक करना भूल गए। शटर बंद कराने के दौरान एक युवक उनकी कार से पैसा सहित थैला चोरी कर भाग गया है। थैला में कितना रुपया था, यह व्यापारी अभी नहीं बता पाया है। चोर की तलाश की जा रही है।

### 10 किलो चांदी की उठाईगीरी का नहीं मिला सुराग

20 फरवरी को सीपत क्षेत्र के खम्हरिया स्थित सराफा दुकान के संचालक बलौदा निवासी विनय सोनी जेवर से भरा बैग रखकर शटर बंद कर रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार तीन लोग आए। एक युवक भागते हुए गया 10 किलो चांदी व 100 ग्राम सोने जेवर से भरा थैला उठाकर बाइक में बैठकर साथियों के साथ भाग गया था। एक पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी पुलिस उठाईगीरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

## एनटीपीसी में प्लेटफार्म टूटने से दो मजदूरों की मौत

**बिलासपुर**। एनटीपीसी में काम करने के दौरान प्लेटफार्म टूटने से दबकर दो मजदूरों की मौत के मामले में जांच के बाद पुलिस ने प्राइवेट कंपनी के मालिक व इंचार्ज के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

■ कंपनी के मालिक व इंचार्ज के खिलाफ जुर्म दर्ज

सीपत थाना के प्रधान आरक्षक परमेश्वर सिंह ठाकुर ने बताया, 6 अगस्त 2025 को पोड़ी वार्ड क्रमांक 13 सीपत निवासी प्रताप सिंह पिता बसंत सिंह, श्याम कुमार साहू एनटीपीसी में गोरखपुर कंट्रक्शन प्राइवेट कंपनी में काम कर रहे थे। इसी दौरान स्टेट 2 यूनिट 5 के पहले फ्लोर के प्लेटफार्म में काम करने के दौरान प्लेटफार्म टूटकर नीचे गया था। हादसे में दोनों मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों को इलाज के दौरान सिम्स लाया गया, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद श्याम कुमार साहू को मृत घोषित कर दिया। वहीं प्रताप सिंह को अपोलो हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। जांच के बाद पुलिस ने गोरखपुर कंरट्रक्शन प्राइवेट कंपनी के प्रोपाईटर आनंद प्रकाश गिरी एवं साइड इंचार्ज रवि पाण्डेय के खिलाफ बीएनएस की धारा 106, 1 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

## 30 लाख का गबन, लेखापाल कर्मचारी के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर**। शासकीय राशि 30 लाख रुपए का गबन करने के मामले में पुलिस ने कोटा बीईओ आफिस के लेखापाल, कर्मचारी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



कोटा एसडीओपी नुपुर उपाध्याय ने बताया, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कोटा नरेन्द्र मिश्रा ने कोटा थाने में रिपोर्ट लिखाई। वर्ष सितंबर 2024 से फरवरी 2025 में बीईओ ऑफिस कोटा में पदस्थ लेखापाल नवल सिंह पैकरा एवं आफिस के कर्मचारी देवेंद्र कुमार पालके ने अदर एलाउंस मद में असमान वृद्धि कर शासकीय राशि लगभग 30 लाख रुपए गबन कर लिया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर लेखापाल नवल सिंह पैकरा, कर्मचारी देवेन्द्र कुमार पालके के खिलाफ बीएनएस की धारा 316, 5, 318, 4, 338, 340, 2, 336, 3, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## मार्च में मई जैसी तपिश निकलने लगा पसीना

**बिलासपुर**। सूरज की किरणें सुबह से ही तेज हो चुकी है। मार्च का महीना है लेकिन धूप के आगे लोगों को मई जैसी गर्मी प्रतीत हो रही है। धूप में निकलते ही लोगों का पसीना निकलना शुरू हो चुका है। बिना पंखे और कूलर के रह पाना मुश्किल हो चुका है। अचानक मौसम में आए बदलाव के बाद लोगों को राहत नहीं मिल रही है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में धीरे-धीरे तापमान बढ़ रहा है जिससे लोगों को गर्मी का अहसास होने लगा है। बिलासपुर में अधिकतम तापमान सामान्य तापमान से 1.5 डिग्री ज्यादा दर्ज किया गया, इस दौरान अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं ठंड पूरी तरह से गायब हो चुकी है और न्यूनतम तापमान 21.4 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम जानकारों के मुताबिक अगले 1 हफ्ते में तापमान 38 डिग्री जा सकता है।

# कोयला लेकर गुजरात जा रही मालगाड़ी के 7 वैगन कटनी के पास हुए बेपटरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



एसईसीआर के बिलासपुर से कटनी की ओर कोयला लेकर जा रही मालगाड़ी के 7 वैगन पटरी से उतर गए, जिसके कारण रेल प्रशासन को करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ। वहीं वैगन के बेपटरी होने की वजह से यात्री ट्रेनों के घंटों लेट लतीफी से हजारों की संख्या में यात्री भी परेशान होते रहे।

बिलासपुर जोन और डिवीजन में मालगाड़ियों और यात्री गाड़ियों की दुर्घटनाओं पर किसी तरह की कोई भी रोक नहीं लग पा रही है। पिछले तीन माह के दौरान 4 से 5 डिरलमेंट के मामले बिलासपुर डिवीजन के साथ जोन के दूसरे स्टेशन व यार्ड में हो चुके हैं। इन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आटोमैटिक सिग्नलिंग सिस्टम भी लगाया गया है, लेकिन यह सिस्टम ट्रेन चलाने वाले चालकों के समझ में ही नहीं आ रहा है। दूसरी ओर मालगाड़ियों के साथ लांग हॉल भी दुर्घटना का एक कारण बनते जा रही है। कोयला लोडिंग और माल लदान का टारगेट पूरा करने के लिए रेल अफसर मालगाड़ियों पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। इसी तरह के डिरलमेंट की घटना शनिवार की दोपहर बिलासपुर से न्यू कटनी जंक्शन के बीच हुई। बिलासपुर से कोयला लोडेड गाड़ी गुजरात की ओर जा रही थी। न्यू कटनी जंक्शन पहुंचने से पहले मालगाड़ी के वैगन अचानक पटरी से उतरकर लाइन से इधर-उधर पलट गए। इसमें करीब 6 से 7 वैगन पलटे थे, जिसमें रखा कोयला भी रेल लाइन पर पूरी तरह से बिखर गया था। बेपटरी और वैगन के पलटने के कारण रेलवे ट्रैक और ओएचई को भी नुकसान पहुंचा। इसकी वजह से बिलासपुर से कटनी के बीच तीनों लाइन पर ट्रेन यातायात घंटो प्रभावित हुआ। यात्री ट्रेनों को अन्यत्र स्टेशनों के साथ आउटर में घंटो रोककर रखना पड़ा। सूचना मिलते ही रेल अफसर और तकनीकी टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत और मरम्मत कार्य शुरु कर दिया। करीब तीन से चार घंटे की मशक्कत के बाद एक लाइन को शुरु कर ट्रेनों को पायलेटिंग करते हुए रवाना कराया गया।


### झलवारा में रोकी गई कटनी मेमू

रेलवे के अनुसार मालगाड़ी डिरलमेंट के कारण चिरमिरी से कटनी के बीच चलने वाली 61601 मेमू को रद्द किया गया। बिलासपुर से कटनी के बीच चलने वाली मेमू 68748 को झलवारा रेलवे स्टेशन में रोकने के बाद ट्रेन को वापस बिलासपुर के लिए रवाना किया गया। वहीं साप्ताहिक चलने वाली 18009 अजमेर एक्सप्रेस मुरवारा स्टेशन के बजाय हरदुआ फ्लाईओवर से सीधे गंतव्य के लिए रवाना करने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त 11447 ट्रेन को साउथ स्टेशन भेजने के बजाय कटनी जंक्शन से चलाने के साथ अंबिकापुर-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस के परिचालन में भी बदलाव किया गया है।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS, MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी. ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123



8 March Happy Woman's Day

हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

CHOUKSEY GROUP OF COLLEGES BILASPUR (C.G.) B.TECH, M.TECH, MBA, PHARMACY, LAW, BAMS, DEGREE COURSES

प्रथम पुरस्कार वाशिंग मशीन | द्वितीय पुरस्कार इंडक्शन | तृतीय पुरस्कार मिक्सर ग्राइंडर | चतुर्थ पुरस्कार इलेक्ट्रीक आयरन | विशेष पुरस्कार 5 एवं अनेक सांत्वना पुरस्कार

1. भगवान महावीर जी की माता का क्या नाम था ? ..........
2. भारत की प्रथम महिला सरोद वादक कौन थी ? ..........
3. भारत की प्रथम महिला पायलट कारगिल युद्ध आपरेशन में भाग लिया ? ..........
4. भारत की प्रथम महिला न्यूज रीडर कौन थी ? ..........
5. मेयर बनने वाली प्रथम किन्नर कौन थी ? ..........
6. रेल्वे बोर्ड में पहली महिला सदस्य का नाम ? ..........
7. टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक बनाने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ..........
8. भारतीय वायु सेना की प्रथम महिला एयर मार्शल ? ..........
9. दिल्ली मेट्रो ट्रेन की प्रथम महिला आपरेटर ? ..........
10. प्रथम महिला भारतीय लेफ्टिनेंट जनरल का नाम ? ..........

Learn AI Design Tools this Summer
छुपा है हर घर में हुनर एरिना में उसे बनाएंगे और भी बुलंद
Exclusively for Class 5th - 11th
ARENA ANIMATION
Call : 88188 00 890 Link Road, Bilaspur
• Graphics • Web Page Designing • Gaming • Sound - Video Editing • 2D - 3D Animation

New Town Own it!
Off. Add. : 2nd Floor, KRISHNA Sanchhatra Compound, Shiv Talkies Square, Beside Jalaram Food Junction Bilaspur (C.G.)

नियम एवं शर्तें - 1. इस प्रतियोगिता में सिर्फ महिला पाठक ही भाग ले सकेंगी। 2. महिलाओं को अपना पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लगाना है। 3. बिलासपुर कार्यालय में प्रविष्ठि पहुंचाने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2026 है। 4. ड्रॉ लाटरी पद्धति से निकाला जायेगा। 5. सभी प्रश्नों के सही उत्तर वाली प्रविष्टियों को ही ड्रॉ में शामिल किया जायेगा। 6. प्रतियोगिता से जुड़े किसी भी विषय पर हरिभूमि प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा। 7. विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र बिलासपुर होगा। 8. उत्तर भेजने के लिए अखबार कटिंग का ही उपयोग करें, फोटोकापी मान्य नहीं होगी। 9. हरिभूमि परिवार के सदस्य इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे। 10. आप अपनी प्रविष्टि हरिभूमि के एजेंटों / संवाददाताओं / जिला कार्यालयों में भी जमा करा सकते है।

### विश्व महिला दिवस प्रविष्टि

नाम सुश्री / श्रीमती :- ..........
पिता/पति का नाम :- ..........
स्थाई पता :- ..........
..........
फोन/मो. नं. :- ..........
शैक्षणिक योग्यता :- ..........

फोटो यहां चिपकाएं

punjab national bank ...the name you can BANK upon !
pnb call 1-800-2222 or 1-800-103-2222 Toll Free www.pnbindia.in

LCIT GROUP OF INSTITUTIONS
ENGINEERING | MBA | PHARMACY | LAW
COMMERCE, ARTS & SCIENCE | SCHOOL
Campus: Near High Court, Raipur Road, Bilaspur
Mob. : 9522220113, 9516606123

आपके अपने शहर बिलासपुर में
जिले का सबसे आधुनिक एवं विश्वसनीय डायग्नोस्टिक सेंटर
का भव्य शुभारंभ

# CITY CARE DIAGNOSTICS
BILASPUR
Advanced & Reliable

8 मार्च 2026, रविवार दोपहर 01.00 बजे से

राजीव गांधी चौक, रायपुर रोड, फ्लाई ओवर के पहले, बिलासपुर



MRI (1.5T) | 96 Slice CT Scan | 4D/5D Sonography
Digital X-ray | B.M.D | Mammography | C.B.C.T

## FACILITIES

- CBCT, OPG, Lateral Cephalogram
- DEXA Scan (Bone Density and Body Fat Estimation)
- IVP/MCU/RGU/HSG
- ECG, Echo, TMT, Audiometry
- Image Guided FNAC/BIOPSY
- Image guided Joint Injections/PRP
- CT Guided Spine Injection For Pain Management
- Radiofrequency Ablation (RFA)
- Interventions (Pigtail Insertion, Fluid Aspiration)
- Pathology (Advanced)
- Health Check Up Packages

HOME BLOOD COLLECTION FACILITY AVAILABLE






श्री तोखन साहू जी, आवास एवं शहरी केंद्रीय मंत्री | श्री अरुण साव जी, उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ | श्री श्याम बिहारी जायसवाल जी, स्वास्थ्य मंत्री छ.ग. शासन | श्री बृजमोहन अग्रवाल जी, सांसद, रायपुर | श्री पुन्नूलाल मोहले जी, विधायक मुंगेली | श्री अमर अग्रवाल जी, विधायक, बिलासपुर | श्री धर्मलाल कौशिक जी, विधायक, बिल्हा



श्री धर्मजीत सिंह जी, विधायक तखतपुर | श्री सुशांत शुक्ला जी, विधायक बेलतरा | श्री अटल श्रीवास्तव जी, विधायक कोटा | श्रीमती पूजा विधानी जी, महापौर बिलासपुर | श्री शैलेश पांडे जी, पूर्व विधायक बिलासपुर | श्री रजनीश सिंह जी, अध्यक्ष-जिला सहकारी बैंक, बिलासपुर | श्री अशोक अग्रवाल जी, अध्यक्ष-बिलासपुर नागरिक सह. बैंक

की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न होगा। आप सादर आमंत्रित हैं

### उपलब्ध विशेषज्ञ

**डॉ. विवेक महावर** – Sr. Consultant Sp. Onco & Intervention Radiology
**डॉ. विनीत माहेश्वरी** – DNB, DMRD, Fellow MSK Radiology (Mumbai)
**डॉ. शुभकीर्ति अग्रवाल** – DNB Radiodiagnosis (Delhi)
**डॉ. बबलेश महावर** – DNB Anesthesia, Specialist Pain & Palliative Medicine
**डॉ. अमन अग्रवाल** – MD Radiodiagnosis

24×7 EMERGENCY SERVICES AND AMBULANCE FACILITY AVAILABLE
HELPLINE NUMBERS - 7879125350, 07752-463185

J.J.Ad

खबर संक्षेप

## डॉ. मूर्ति डॉ. श्रीवास्तव अकादमिक एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित




**बिलासपुर।** चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति को वर्ष 2025 के लिए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का प्रतिष्ठित "डॉ. जी.पी. श्रीवास्तव अकादमिक एक्सीलेंस अवॉर्ड" प्रदान किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ कर्नल पूराणिक, डायरेक्टर एम्स गुवाहाटी व अशोक पुराणिक रहें। यह सम्मान आईएमए छत्तीसगढ़ द्वारा 7 फरवरी को श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ रायपुर में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। आईएमए की स्क्रीनिंग समिति द्वारा विभिन्न श्रेणियों में प्राप्त नामांकन और उपलब्धियों का विस्तृत मूल्यांकन करने के पश्चात चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. रमणेश मूर्ति को इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चयनित किया गया। डॉ. रमणेश मूर्ति वर्तमान में सिम्स के अधिष्ठाता के रूप में कार्यरत हैं। इससे पूर्व वे लगभग 9 वर्षों तक सिम्स में चिकित्सा अधीक्षक के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं तथा 5 वर्षों तक शासकीय मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर के अधिष्ठाता के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। उनके नेतृत्व और अनुभव से चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

## गुरु मंत्रा एजुकेशनल सोसाइटी में नि:शुल्क प्रशिक्षण, प्रवेश 21 तक

**बिलासपुर।** मेन रोड सरकंडा विजयपुरम वासुदेव कंपलेक्स स्थित गुरु मंत्रा एजुकेशन सोसाइटी संस्थान में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत सौर ऊर्जा पैनल इंस्टॉलेशन, कंप्यूटर ऑफिस असिस्टेंट एवं नर्सिंग के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। प्रशिक्षण लेने के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि 21 मार्च है। इस कोर्स के प्रशिक्षण से सौर ऊर्जा के क्षेत्र में रोजगार के अवसर ढूंढने वाले युवा वर्ग इसका लाभ ले सकते हैं। प्रशिक्षण पूर्णता निशुल्क है। 5 महीने के निःशुल्क प्रशिक्षण के उपरांत राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रमाण पत्र दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण के उपरांत युवा वर्ग प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना द्वारा संयंत्र स्थापना के लिए स्किल्ड मैनपावर की जरूरत को पूरी करेंगे । प्रशिक्षण प्राप्त हितग्राहियों के लिए सोलर के क्षेत्र में रोजगार के अवसर सरल एवं सुगम हो जाएंगे ।

# एलसीआईटी कॉलेज में मना राष्ट्रीय विज्ञान दिवस



**बिलासपुर।** एलसीआईटी कालेज में 27 एवं 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। प्रथम दिवस की मुख्य अतिथि एसडीएम बिल्हा सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी, तथा द्वितीय दिवस के मुख्य अतिथि जिला अधिकारी, खाद्य एवं औषधि विभाग आर. आर. देवांगन थे। दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा ह्यूमन मॉलेक्यूल चेन का निर्माण कर विज्ञान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

इंटर कॉलेज विज्ञान मॉडल, पोस्टर मेकिंग एवं क्विज जैसे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक समझ और रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों द्वारा संचालित फूड स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रस्तुत "टेक वॉक विशेष आकर्षण रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने भारत एवं विश्व के 20 से अधिक महान वैज्ञानिकों के स्वरूप में समूह बनाकर रैंप वॉक प्रस्तुत की। इस दौरान इंटर कॉलेज विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 3100 रुपए तथा द्वितीय पुरस्कार 2100 रुपए प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में प्रथम शासकीय ई. राघवेंद्र राव स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय के विद्यार्थियों शुभम माणिकपुरी, ऋषभ दीक्षित एवं घनशु साहू ने प्राप्त किया। वहीं द्वितीय एलसीआईटी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड साइंस, बोदरी, की छात्राओं छवि पांडे एवं समायरा शेख ने प्राप्त किया। पिछले सेमेस्टर में 85 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले विद्यार्थियों को 1500रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इस अवसर पर संस्था के सचिव उपकार राय, प्राचार्या डॉ. अर्चना शुक्ला एवं उपप्राचार्य अभिनव पॉल, डीन अभिषेक केशरवानी आदि ने तारीफ की।

एजुकेशन प्लस

# चौकसे कॉलेज में विशेष एआई वर्कशॉप का आयोजन



**बिलासपुर।** चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेज में बी.टेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग तथा एआई एंड डेटा साइंस के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय विशेष एआई वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य उभरती हुई तकनीकों और भविष्य की डिजिटल दुनिया में एआई की भूमिका से छात्रों को अवगत कराना था। मुख्य वक्ता डॉ. नरेश कुमार ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जटिल पहलुओं को बड़ी सरलता से छात्रों के समक्ष रखा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बुनियादी समझ और समय के साथ इसमें हुए बदलाव, जेनरेटिव एआई वर्तमान समय में जेनरेटिव एआई के बढ़ते प्रभाव और इसके अनुप्रयोग। कंप्यूटर विजन नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग और रिकमेंडेशन सिस्टम जैसे तकनीकी क्षेत्रों में एआई का उपयोग पर प्रकाश डाला। कार्यशाला के दौरान प्रबंध निदेशक डॉ. आशीष जायसवाल ने कहा कि वर्तमान युग में एआई केवल एक तकनीक नहीं बल्कि भविष्य की अनिवार्यता है। उन्होंने छात्रों को निरंतर सीखने और नवाचार करने के लिए प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. नितिन जैन , डॉ. श्रुति राठौर तथा जुनैद अहमद थे।कार्यशाला का सफल समन्वय डॉ. शानू के. राकेश द्वारा किया गया। डॉ नरेश ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बुनियाद समझ और समय के साथ इसमें काफी बदलाव भी हुआ। उन्होंने बताया कि जेनेरिक एआई वर्तमान समय में बढ़ते प्रभाव और इसके अन्य प्रयोग में शामिल हैं। इसी तरह कम्प्यूटर विजन में नेचुरल लेंवेज प्रोग्रामिंग और रिकमेंशन सिस्टम जैसे तकनीकी क्षेत्र में एआई का उपयोग बेहतर ढंग से किया जा सकता है।

# छग राज्य स्तरीय हथकरघा कोसा और सूती वस्त्र प्रदर्शनी आज से

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ शासन ग्रामोद्योग विभाग, संचालक ग्रामोद्योग हथकरघा के सौजन्य से जिला हथकरघा कार्यालय बिलासपुर के माध्यम से 'कोसा एवं कॉटन ऑफ छत्तीसगढ़' हथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी सह-विक्रय का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी 8 मार्च से 15 मार्च तक राघवेन्द्र राव सभा भवन (कंपनी गार्डन के पास) आयोजित होगी।

प्रदर्शनी का शुभारंभ 8 मार्च को शाम 4 बजे मुख्य अतिथि मेयर पूजा विधानी करेंगी। इस प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ प्रदेश की हथकरघा कलाकृतियों एवं उत्कृष्ट उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदेश के हथकरघा बुनकरों को उनके उत्पादों के विपणन के लिए एक उचित मंच उपलब्ध कराना। बुनकरों की पारंपरिक बुनाई कला को सीधे आम नागरिकों तक पहुंचाना।

उपभोक्ताओं से प्राप्त सुझावों के माध्यम से नए और आधुनिक डिजाइनों का विकास करना, एक ही छत के नीचे उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध कराकर बुनकरों के लिए रोजगार के अवसरों में वृद्धि करना, हथकरघा क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में सहयोग करना। इस प्रदर्शनी में रायगढ़, जांजगीर-चांपा, बिलासपुर, चंद्रपुर, छुरी, सिवनी, रामाटोला, लोफन्दी, भिलाईगढ़ एवं सोमाझिटिया की बुनकर समितियां और प्रतिनिधि भाग लेंगे।

इसका मुख्य आकर्षण उत्कृष्ट कोसा साड़ियाँ, कोसा मलमल, ड्रेस मटेरियल, सलवार सूट और कोसा बाफ्ता। सूती साड़ियाँ, कॉटन शूटिंग-शर्टिंग, दुपट्टा। बेड-शीट, बेड-कवर, पिलो-कवर, टॉवल, नेपकिन और गमछा आदि है। प्रदर्शनी के नोडल अधिकारी उप संचालक, हथकरघा बिलासपुर डोमूनदास ढकाते ने बताया कि यह प्रदर्शनी 8 मार्च से 15 मार्च तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात 10 बजे तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी।

# कैंसर चिकित्सा में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. पुष्कल को मिली फेलोशिप

**बिलासपुर।** कैंसर विशेषज्ञ डॉ. पुष्कल द्विवेदी को प्रतिष्ठित रायल कालेज आफ फिजिशियन एण्ड सर्जन आफ Glasgow (UK) द्वारा FRCP की उपाधि प्रदान की गई है। यह सम्मान उन्हें चिकित्सा क्षेत्र, विशेषकर कैंसर चिकित्सा में उत्कृष्ट योगदान और विशेषज्ञता के लिए प्रदान किया गया है।



डॉ. द्विवेदी को यह फेलोशिप 27 फरवरी को प्रदान किया गया। यह उपाधि विश्व स्तर पर चिकित्सकों को उनके विशिष्ट पेशेवर योगदान, शोध और चिकित्सा सेवाओं के लिए दी जाती है। डॉ. पुष्कल द्विवेदी पहले से ही एमआरसीपी तथा एससीई जैसी अंतरराष्ट्रीय योग्यता प्राप्त कर चुके हैं। FRCP की उपाधि प्राप्त करना उनके चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता का प्रमाण है। इस उपलब्धि पर चिकित्सा समुदाय, सहकर्मियों तथा शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है। डा. पुष्कल ने बताया कि उनका शुरू से ही उद्देश्य समाज सेवा करना रहा। इसी का परिणाम हैं कि मुझे कैंसर चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए यह फेलोशिप दिया गया है। मेरा प्रयास है कि अधिक से अधिक कैंसर मरीजों का इलाज कर सकूं।

# सिटी केयर डायग्नोस्टिक का शुभारंभ आज

**बिलासपुर।** श्री शिवम काम्पलेक्स राजीव गांधी चौक रायपुर रोड में 8 मार्च को दोपहर 12 बजे सिटी केयर डायग्नोस्टिक एडवांस एण्ड रिलायबल का शुभारंभ किया जाएगा। इसके डायरेक्टर ने बताया कि इसमें डा. विवेका महावर, डा. शुभकीर्ति अग्रवाल, डा. अमन अग्रवाल, डा. विनीत माहेश्वरी, डा मृत्युंजय सराफ सहित अन्य विशेषज्ञ डाक्टर मरीजों को अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।

उन्होंने बताया कि यह जिले का सबसे आधुनिक और विश्वसनीय डायग्नोस्टिक सेंटर है। यहां मरीजों को सभी प्रकार के सोनोग्राफी एवं कलर डाप्लर, एंजियोग्राम, ईसीजी, पैथोलाजी, सभी प्रकार के एमआरआई, सीटी स्कैन, डिजिटल एक्सरे, हार्मोन्स जांच, फुल बॉडी चेकअप , पेट, गला, स्तन आदि सभी प्रकार की जांच की सुविधा है। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं और गर्भजात शिशुओं के सभी जांच यहां उपलब्ध हैं।

उदघाटन समारोह में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, डिप्टी सीएम अरुण साव, बृजमोहन अग्रवाल, पुन्नूलाल मोहले, विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, धरमजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, अटल श्रीवास्तव, मेयर पूजा विधानी, पूर्व विधायक शैलेष पाण्डेय, रजनीश सिंह, अशोक अग्रवाल अतिथि होंगे।


# एलईडी स्क्रीन पर देख सकेंगे भारत का फाइनल मैच आज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ टेंट आनर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आईसीसी 20-20 क्रिकेट विश्व कप के फाइनल मैच का सीधा प्रसारण श्रीकांत वर्मा मार्ग स्थित कुंदन पैलेस में किया जाएगा । एक बड़े पर्दे पर शहर के खेल प्रेमी तथा क्रिकेटर आज शाम 6 बजे से बड़े एलईडी स्क्रीन पर्दे पर क्रिकेट मैच का आनंद ले सकेंगे।



8 मार्च को वर्ल्डकप क्रिकेट मैच का फाइनल भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह दुआ ने बताया कि 8 मार्च को भारतीय टीम का उत्साह बढ़ाने के लिए तथा वर्ल्डकप का फाइनल मैच भारत जीते इसकी कामना करते हुए सभी खेल प्रेमी शाम 6 बजे कुंदन पैलेस में आमंत्रित किया है। फाइनल मैच का विजय का जश्न भी यहां मनाया जाएगा। श्री दुआ तथा क्रिकेट प्रेमियों ने कहा है कि फाइनल मैच भारत जरूर जीतेगी, भारत के खिलाडियों में काफी उत्साह है और फाइनल मैच भारत ही जीतेगी ऐसा विश्वास प्रत्येक भारतीय को है। भारत-न्यूजीलैंड के बीच होने वाला फाइनल मैच भी जोरदार रोमांचक होगा। एसोसिएशन के द्वारा रोमांचक खेल का आनंद लेने के लिए एक बड़ी एलईडी स्क्रीन कुंदन पैलेस में लगाई जा रही है।



## खबर संक्षेप

### स्वयं सिद्धा फाउंडेशन का महिला सम्मान आज

**तखतपुर।** स्वयं सिद्धा फाउंडेशन के तत्वावधान में 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर तखतपुर स्थित गुरु तेगबहादुर वाटिका में महिला सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मधुलिका सिंह, आईपीएस अंशिका जैन, एसडीओपी नूपुर उपाध्याय, नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। वहीं विशेष अतिथि के रूप में अभिनेत्री प्रियंका शर्मा और पलक जयसवाल शामिल होंगी।

### अखंड दिव्य ज्योति कलश का दर्शन



**खमरिया।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में जन्म शताब्दी वर्ष के अंतर्गत ज्योति कलश यात्रा का आगमन बिलासपुर शहर के हेमू नगर अन्नपूर्णा नगर आस्था कॉलोनी में हुआ। इस ज्योति कलश में भारत के सभी तीर्थ के पवित्र जल एवं पवित्र मिट्टी को संग्रहित कर लाया गया है एवं 18 जनवरी 1926 से प्रज्वलित अखंड दीपक को लाया गया है, जिसके पूजन-अर्चन आरती हेतु सभी लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। इश दौरान बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा होकर श्रद्धा भाव से पूजन कर अपने जीवन को धन्य बना रहे हैं। रथ यात्रा टोली में राम कुमार श्रीवास, फूल सिंह राज, उधो राम प्रजापति, मद मानिकपुरी, रंजीत गढ़वाल, मन्ना गढ़वाल आदि का सहयोग मिल रहा है। वे लोग लगातार एक महीने से इस रथ में अपना समय दान दे रहे हैं। गायत्री शक्तिपीठ बिलासपुर के तत्वाधान में पूरे बिलासपुर जिले के ग्रामों की परीक्षा हो रही है।

### राष्ट्रीय तिलहन एडिबल योजना के तहत कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम



**मल्हार।** ग्राम विद्याडीह में राष्ट्रीय तिलहन एडिबल योजना के तहत कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों को तिलहन फसलों के उत्पादन एवं उन्नत खेती की तकनीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर जनपद सदस्य ज्वाला बंजारे, सरपंच संतोष पाटले तथा लगभग 30 किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एके अहिरे एवं एससी कौसल द्वारा किसानों को तिलहन फसलों की बेहतर पैदावार के लिए आधुनिक तकनीकों के उपयोग, संतुलित मात्रा में उर्वरक के प्रयोग तथा फसलों में लगने वाले कीट एवं बीमारियों की रोकथाम के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। अधिकारियों ने किसानों से अपील की कि, वे नई कृषि तकनीकों को अपनाकर उत्पादन बढ़ाएं तथा समय-समय पर कृषि विभाग से मार्गदर्शन लेते रहें, जिससे खेती अधिक लाभकारी बन सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों ने भी खेती से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

### मेडिकल टीम ने मनाया प्रधानमंत्री जन औषधि दिवस



**लोरमी।** मेडिकल टीम ने 50 बिस्तर मातृ-शिशु अस्पताल में जाकर प्रधानमंत्री जन औषधि दिवस मनाया। इस मौके पर लोरमी मेडिकल टीम के अध्यक्ष मिंटू छाबड़ा ने कहा, हम प्रधानमंत्री का आभार प्रकट कर रहे हैं, क्योंकि वे आम लोगों को उच्च गुणवत्ता और कम मूल्य में दवाई उपलब्ध करा रहे हैं एवं मरीजों का सेवा कर रहे हैं। इस अवसर पर मेडिकल टीम के अध्यक्ष मिंटू छाबड़ा, सचिव मुकेश कश्यप, उपाध्यक्ष जीवन साहू, राजेंद्र साहू, अवधेश राजपूत, यशवंत राजपूत, तिरिथ साहू, दीपक साहू, राजेश छारिया उपस्थित थे।

# महिलाओं ने स्वच्छता के क्षेत्र में बदली बिल्हा की तस्वीर

महिला दिवस विशेष

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ की नगर पंचायत बिल्हा ने स्वच्छता के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में पूरे भारतवर्ष में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस उपलब्धि के लिए 17 जुलाई 2025 को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित भव्य पुरस्कार समारोह में भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा बिल्हा नगर पंचायत को सम्मानित किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 'मन की बात' के 124वें संस्करण में बिल्हा नगर पंचायत की महिलाओं द्वारा किए गए नवाचार और श्रम का उल्लेख करते हुए सराहना कर चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बिल्हा की महिलाओं को वेस्ट मैनेजमेंट की ट्रेनिंग दी गई और उन्होंने मिलकर शहर की तस्वीर बदल डाली।

- पीएम मोदी से मिली तारीफ, नवाचार और श्रम की हुई सराहना

दरअसल नगर पंचायत बिल्हा की आबादी लगभग 15 हजार है, जहां 28 स्वच्छता दीदियां कार्यरत हैं। ये दीदियां नगर के 15 वार्डों में घर-घर जाकर ई-रिक्शा के माध्यम से कचरा संग्रहण का कार्य करती हैं, और फिर कचरे को एसएलआरएम सेंटर में ले जाकर गीला और सूखा कचरा पृथक करती हैं।

गीले कचरे से खाद बनाई जाती है और सूखे कचरे को बेचकर ये महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रही हैं। इसके अतिरिक्त बिल्हा नगर में 10 विशेष स्वच्छता कमांडो भी नियुक्त किए गए हैं, जो ट्रैक्टर और ऑटो टिपर के माध्यम से पूरे शहर में घूमकर कचरा सफाई और जन-जागरूकता का कार्य कर रहे हैं।



### जागरूकता अभियान और मुनादी भी हो रही

स्वच्छता अभियान से जुड़ी महिलाओं ने बताया कि, हम काम तो करते ही हैं, साथ साथ लोगों को जागरुक भी किया करते हैं। सफाई को एक आंदोलन का रुप दिया गया है, लोगों को बताते हैं कि, शहर की साफ-सफाई आपकी जनभागीदारी से ही संभव है। मुनादी, घरों-दुकानों से सीधे कचरा संग्रहण जैसे कदमों से आज नगरवासी कचरे को पृथक कर ई-रिक्शा में देने के लिए प्रेरित हो चुके हैं। मुक्तिधाम, तालाब, गार्डन, सामुदायिक भवन आदि में सामूहिक सफाई अभियान भी समय-समय पर चलाए जाते हैं।

### इस तरह काम करता है इनका सिस्टम

समूह से जुड़ी महिलाओं का काम सुबह 6 बजे से शुरु हो जाता है। सबसे पहले यह नगर पालिका के दफ्तर पहुंचती हैं, जहां इनकी हाजिरी बनती है। अटेंडेंस के बाद इनका काम शुरु हो जाता है। जिसको जिन वार्डों में जाना है, उनको वहां के लिए रवाना कर दिया जाता है। वे सुरक्षा किट के साथ ये उस इलाके में पहुंचती हैं और घरों से गीला और सूखा कचरा जमा कर उसको अलग अलग रखती जाती हैं। कचरे को जमा करने के बाद ये उसे लेकर एसएलआरएम मणिकंचन केंद्र के सेंटर में पहुंचती हैं। गीले और सूखे कचरों को अलग अलग रखती हैं, फिर इसे प्रोसेस के लिए भेजा जाता है। महिलाओं को स्वच्छता जैसे कार्यों के लिए पहले ट्रेनिंग भी दी जाती है। इन महिलाओं ने बताया कि 15 वार्डों को कवर करने के लिए डोर टू डोर कलेक्शन में 2 महिला समूह की 28 महिलाएं काम करती हैं। बिल्हा नगर पंचायत में कितने घर हैं उसका सर्वे कराते हुए डाटा बनाया गया। हर वार्ड के लिए ई-रिक्शा है जो प्रत्येक वार्डों पर जाकर कचरा कलेक्शन करता है। यह स्वच्छता दीदी सीटी बजाते और लोगों से अच्छा सामंजस्य बनाते हुए अपने कामों पर डटी रहती हैं। अब धीरे-धीरे लोगों का भी सहयोग मिल रहा है। सीईओ कहते हैं कि, जनता का सहयोग सबसे जरुरी है।

### महिलाओं के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी

स्वच्छता दीदियां बताती हैं कि, बिल्हा का क्षेत्रफल लगभग 5 वर्ग किलोमीटर रेलवे पटरी के दोनों छोर तक फैला हुआ है। बिल्हा बस्ती की तरफ 10 वार्ड और दूसरे छोर पर केसला की तरफ 5 वार्ड हैं। कुल 15 वार्ड हैं जिसकी जिम्मेदारी दो महिला समूह की 28 महिलाएं मिलकर संभालती हैं। महिलाएं कहती हैं कि, काम मुश्किल भरा है, लेकिन हम इन चुनौतियों से हर दिन पार निकलते हैं। स्वच्छता दीदी और स्व सहायता समूह की अध्यक्ष पूजा राठौर ने बताया की 1 दिसम्बर 2016 को यह योजना आई। तब हम समूह के माध्यम से काम पर लगे थे। उस दौरान समूह की अन्य महिलाओं की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर थी। आज इनकी माली हालत काफी बढ़िया है। परिवार को भी अच्छे से देख रही हैं। अब ये दूसरों की भी मदद कर रही हैं, और बच्चों को भी अच्छे स्कूल में पढ़ा रही हैं।

# आईटीबीपी में भर्ती होकर देश सेवा कर रही क्षेत्र की युवती

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

सेना में रह कर देश सेवा का जज्बा एक युवती में होना अपने आप में अनोखा है। तखतपुर से लगे ग्राम अमोरा भिलाई की युवती ने परिश्रम करते हुए आईटीबीपी में भर्ती हुई एवं आज उत्तराखंड मे देश की सेवा कर रही है।

इस दौरान कुछ दिनों पूर्व अमोरा भिलाई पहुंचने पर स्कूल परिवार ने जयललिता साहू का सम्मान किया था। जयललिता साहू के पिता छोटेलाल साहू मजदूरी करते थे, और माता मीना साहू ग्रहणी थीं। शिक्षा के शुरुआती जीवन से देश की सेवा को अपना लक्ष्य और मेहनत करने में जुट गई। जयललिता की मेहनत रंग लाई और और वह 2024 में आईटीबीटी में भर्ती हो गई। जयललिता का कहना है कि, एक चेहरा ही पूरे गांव के बच्चों को मनोबल को बढ़ाता है, और वे चाहेंगी कि, छत्तीसगढ़ से बच्चियां मेहनत कर देश को अपनी सेवाएं दें और परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन करें। जयललिता का एक भाई और दो छोटी बहनें हैं।



# महिला दिवसः जिला कोर्ट में विधिक जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के स्टेट प्लान ऑफ एक्शन के तहत जिला न्यायालय परिसर मुंगेली में 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' के अवसर पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता और महिलाओं के कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।

- महिला न्यायाधीश, कर्मचारी व अधिवक्ताओं को किया गया सम्मानित

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिजा देवी मेरावी ने समाज के निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि, आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, न्यायपालिका सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और परिश्रम से नई ऊंचाइयां हासिल कर रही हैं। न्यायपालिका में भी महिलाओं की सक्रियता और संवेदनशीलता न्याय व्यवस्था को और अधिक सशक्त बना रही हैं। कार्यक्रम में प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सोम, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली की सचिव कंचन लता आचला, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश दीपक कुमार शर्मा, अतिरिक्त न्यायाधीश नारायणी कच्छप, चीफ एलएडीसी टीकम चंद्राकर सहित जिला न्यायालय मुंगेली के न्यायाधीश, अधिवक्ता एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने महिलाओं के अधिकारों, उनके कानूनी संरक्षण तथा समाज में समान अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ एवं महिला अधिवक्ताओं ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और समान अवसर वाला वातावरण सुनिश्चित करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर जिला न्यायालय मुंगेली की महिला न्यायाधीशों, महिला कर्मचारियों एवं महिला अधिवक्ताओं को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी न्यायाधीशों और अधिवक्ताओं ने समाज में महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की शपथ ली। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आभार प्रदर्शन न्यायालयीन कर्मचारियों की ओर से किया गया।




## महिला सशक्तिकरण पर मातृ शक्तियों ने साझा किए अपने विचार

# महिलाओं के लिए परिस्थितियां बहुत बेहतर हुईः माधवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर वर्तमान परिस्थिति में महिलाएं कहां पर हैं, वे क्या सोचती हैं, और इस दिशा में महिलाओं के क्या विचार हैं, इस पर जब उनसे चर्चा की गई तो उन्होंने अपना विचार साझा किया। इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए जनपद अध्यक्ष माधवी संतोष वस्त्रकार ने कहा कि, आज महिलाओं के लिए परिस्थितियां बहुत बेहतर हुई है, उन्हें वह दर्जा मिला है, जिसे कल तक असंभव सा समझा जाता था।

उन्होंने कहा, अब तो ग्रामीण इलाकों की महिलाएं भी आत्मनिर्भर हुई हैं, यह समाज में सकारात्मक बदलाव है। जिला पंचायत सभापति भारती माली ने कहा कि, आधी आबादी के लिए अभी भी बड़ा बदलाव होना बाकी है। जब तक सभी महिलाएं अपने निर्णय खुद नहीं ले पाएंगीं एवं उन्हें पूरा आदर सम्मान नहीं मिलता, तब तक पूरी तरह सशक्तिकरण होने की बात नहीं कही जा सकती। भाजपा पार्षद अंजू देवांगन ने कहा कि, महिलाओं की बदलती भूमिका का सबसे बड़ा उदाहरण मैं स्वयं हूं। मैं केवल ग्रहणी हुआ करती थी, लेकिन परिवार और समाज के सहयोग सहयोग से एक जनप्रतिनिधि बन गइ हूं। यह तभी संभव हुआ है, जब लोगों की सोच बदली है। जिला पंचायत सदस्य ममता क्षत्री ने कहा कि, जहां आज बड़े शहरों में महिलाएं पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं, वहीं अभी भी छोटे शहर और गांव में महिलाओं के जीवन में कई समस्याएं मौजूद हैं, जिससे हमें हल करने के लिए प्रयास करना होगा। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा श्रीवास ने कहा कि कहा कि, महिलाएं यदि कामयाब होना चाहती हैं, तो उन्हें अपने आप को मजबूत करना होगा। महिलाओं को संघर्ष करना होगा और उसे पूरा करने के लिए प्रयास करना होगा, इससे सफलता जरूर मिलेगी। और आज महिलाएं बखूबी सिद्ध कर रही हैं।

नगरपालिका उपाध्यक्ष गौरी अजय देवांगन ने कहा कि, हम किसी भी क्षेत्र में नजर डालें, चाहे वह अंतरिक्ष हो आकाश हो या धरती, हर क्षेत्र में महिलाओं ने अपना लोहा मनवाया है, जमाने को बता दिया है कि, रसोई संभालने वाली महिलाएं हर क्षेत्र में दमदारी के साथ उपस्थिति दे रही हैं। कांग्रेस पार्षद परमजीत लवली हूरा ने कहा कि, वर्तमान परिस्थिति में महिलाएं किस परिस्थितियों में गृहस्थी संभाल रही हैं, यह वे ही बता सकती हैं। मंहगाई इस कदर हावी है कि, पहले ही व्यवस्था बिगड़ गई है, ऊपर से इसमें और तड़का लगाते हुए रसोई गैस सिलेंडर का दाम बढ़ाकर दिया गया है, जिससे पूरे किचन का बजट बिगड़ गया है। कांग्रेस पार्षद अनुपमा अभिषेक पाण्डेय ने कहा कि, महिलाओं को अपने हुनर को पहचानना चाहिए और उसे निहारते हुए आगे बढ़ना चाहिए। जब ऐसा होगा, तो निश्चित रूप से महिलाओं के जीवन में एक बहुत बड़ा बदलाव होगा। राजकुमारी सुनील जांगड़े ने कहा कि, चाहे आज की महिलाएं हों या पिछली पीढ़ियों की, उन्होंने हमेशा अपने दायित्व बखूबी निभाया है। अब महिलाएं बंदिशों से आजाद हैं, और स्वाभिमान से सिर उठाकर चल रही हैं। शिक्षिका श्रीमती प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि, महिलाओं के जीवन में बहुत कुछ बदला है, अब पढ़ लिखकर हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। अब लोग बेटी और बेटों के बीच मतभेद नहीं कर रहे हैं।

# जपं में आंगनबाड़ी सेवाओं से संबंधित कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले में आंगनबाड़ी सेवाओं को अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार 'धरती आबा जनभागीदारी अभियान' के तहत जिले में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जनपद पंचायत मुंगेली के सभाकक्ष में आंगनबाड़ी सेवाओं से संबंधित एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण, किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा तथा सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी सेवाओं के माध्यम से महिलाओं एवं बच्चों तक शासकीय योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पहुंचाना तथा समुदाय की सहभागिता को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर अधिकारियों ने आंगनबाड़ी सेवाओं के बेहतर संचालन, पोषण स्तर में सुधार तथा हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास की जिला कार्यक्रम अधिकारी संजुला शर्मा ने बताया कि, ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से जिले में कुपोषण की रोकथाम, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार तथा समुदाय में जागरूकता बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि, पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। कार्यक्रम के दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक की ओर से बाल संरक्षण, बाल अधिकार, बाल विवाह मुक्त मुंगेली बनाने तथा चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में परियोजना अधिकारी राजेन्द्र गेंदले, परियोजना समन्वयक उमाशंकर कश्यप, पर्यवेक्षक श्रीमती उमा तिवारी, विभा जैन, पूजा देवांगन सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पीएम मोदी ने की काम की तारीफ, बनीं लखपति

# क्षेत्र की महिलाओं के लिए प्रेरणा बनीं रानीमिस्त्री अनीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर जिले की ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर एक महिला ने वो कर दिखाया, जिसे कभी सिर्फ पुरुषों का क्षेत्र माना जाता था। कोटा क्षेत्र के मिट्ठू नवागांव की अनीता गंधर्व अब रानी मिस्त्री के नाम से प्रसिद्ध हैं। उन्होंने न केवल राज मिस्त्री जैसे मेहनत भरे काम को अपनाया, बल्कि दूसरी महिलाओं को भी इसके लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनके काम की तारीफ करते हुए बिलासपुर की एक जनसभा में रानी मिस्त्री की पहल को सराहा था।

मिट्ठू नवागांव की अनीता गंधर्व ने न केवल खुद काम सीखा बल्कि अन्य ग्रामीण महिलाओं को भी इस क्षेत्र में प्रशिक्षित कर रोजगार के अवसर दिए। अनीता के साथ महिला कुली और महिला हेल्पर भी घर निर्माण में सहयोग कर रही हैं। वे बतातीं हैं कि, गांव के सरपंच ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण की जिम्मेदारी दी थी। उन्होंने इसे सफलतापूर्वक निभाया। इसके बाद आसपास के गांवों से भी उन्हें निर्माण कार्य के प्रस्ताव मिलने लगे। उनकी मेहनत और गुणवत्ता ने उन्हें एक भरोसेमंद मिस्त्री बना दिया है। अनीता बताती हैं कि, यह सफर उनके लिए आसान नहीं था लेकिन उनके पति और ससुर ने हर कदम पर साथ दिया। परिवार के सहयोग से उन्होंने इस कठिन काम को अपनाया और लगातार सीखते हुए उसमें महारत हासिल की।



### होटल और चाट का व्यवसाय भी चला रहीं

बिहान योजना से जुड़ने के बाद अनीता ने स्वरोजगार की दिशा में और भी मजबूत कदम बढ़ाया। उन्होंने होटल और चाट व्यवसाय शुरू किया, जिससे उनकी आमदनी में वृद्धि हुई। अब उन्हें गांव में लखपति दीदी के नाम से भी जाना जाता है। उनके साथ काम करने वाली महिलाओं ने गर्व से कहा, अनीता दीदी हम सबके लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने यह साबित किया कि, अगर अवसर मिले और संकल्प मजबूत हो, तो कोई भी महिला किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। अनिता कहतीं हैं कि, ग्रामीण महिलाएं भी आत्मनिर्भर बन सकती हैं, जरूरत सिर्फ एक मौके, सहयोग और हिम्मत की होती है।

### गांव में आया सकारात्माक बदलाव

अनिता ने घर के कामों के साथ-साथ उन्होंने गांव की अन्य महिलाओं को भी इस काम से जोड़ा और उन्हें रोजगार दिया। अनीता को न केवल अपने गांव, बल्कि आसपास के गांवों में भी काम दिलवाया। अब वह अच्छे पैमाने पर घरों का निर्माण कर रही हैं। अनीता की मेहनत और नेतृत्व ने गांव में और आस-पास के क्षेत्र में एक सकारात्मक बदलाव लाया है। जिला पंचायत के सीईओ संदीप अग्रवाल कहते हैं कि, अनीता गंधर्व जैसी महिलाएं हमें यह बताती हैं कि अगर संकल्प हो, तो कोई भी काम असंभव नहीं होता।

# सहायक शिक्षक फेडरेशन का होली मिलन कार्यक्रम




**लोरमी।** सहायक शिक्षक फेडरेशन विकास खंड के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने होली मिलन कार्यक्रम में सादगी के होली मनाते हुए आपसी प्रेम एवं भाईचारे का संदेश दिया। साथ ही समस्त अतिथियों एवं पदाधिकारियों ने शिक्षक हित में अपनी बात रखी एवं वर्तमान में शिक्षकों के देशव्यापी ज्वलंत मुद्दे टेट परीक्षा पर सरकार के समक्ष संगठनात्मक लड़ाई के साथ-साथ उसके सकारात्मक पहल पर भी चर्चा की गई। साथ ही समस्त शिक्षक साथियों के सभी समस्याओं को हर संभव हल करने की भी बात की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवा निवृत्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत, विशिष्ट अतिथि सहायक शिक्षक खंड शिक्षा अधिकारी सुनील शर्मा, एपीसी संदीप उपाध्याय, लेख राम साहू, सहायक शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय प्रवक्ता चन्द्रप्रकाश तिवारी, कोटा ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर मानिकपुरी, प्रांतीय महामंत्री अभिजीत तिवारी, जिला कार्यकारी अध्यक्ष मनोज अंचल, जिला महिला अध्यक्ष माया राजपूत, मुंगेली ब्लॉक अध्यक्ष राधिका देवांगन, महिला ब्लॉक अध्यक्ष प्रेमलता मरकाम, जिला मीडिया प्रभारी ओपी साहू, वरिषा मंडावी, पुष्पा कुलमित्र, साधना ध्रुव, दुर्गा उरेती, प्रेम जायसवाल, ईश्वर साहू, जितेंद्र कुमार वैष्णव, संस्कार साहू, अश्वनी साहू, निलेश दुबे, सुलभ त्रिपाठी, संजुलता खांडे, चैन सिंह पोर्टे, बुद्ध सिंह बैगा, रामायण राजपूत, आनंद श्रीवास, नंद कुमार कश्यप, मनीषा जगत, रामानुज विश्वकर्मा, भुनेश्वर यादव आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक जितेंद्र कुमार वैष्णव व संस्कार साहू ने किया।

# 30 से पहले समझ लें पैसे का खेल, वरना बाद में होगी मुश्किल!

## कम उम्र में अपनाएं ये नियम, बनें आर्थिक रूप से मजबूत, निवेश की सही समय पर शुरुआत ही बनाती है अमीर

बिजनेस डेस्क

कम उम्र सपनों, करियर और नई शुरुआत का समय होती है। पहली नौकरी, पहली सैलरी और अपने फैसले लेने की आजादी — ये सब उत्साह से भरे होते हैं। लेकिन इसी दौर में पैसों को लेकर की गई छोटी-छोटी गलतियां आगे चलकर बड़ा वित्तीय बोझ बन सकती हैं। अक्सर युवा कमाई शुरू करते ही लाइफस्टाइल अपग्रेड कर लेते हैं, लेकिन बचत और निवेश को टालते रहते हैं। नतीजा यह होता है कि 30 की उम्र पार करते-करते जिम्मेदारियां बढ़ जाती हैं, मगर मजबूत फाइनेंशियल बेस नहीं बन पाता। अगर आप 30 की उम्र से पहले कुछ बुनियादी और असरदार वित्तीय नियम समझ लें, तो भविष्य आर्थिक रूप से सुरक्षित और तनावमुक्त बनाया जा सकता है। आइए जानते हैं ऐसे 5 जरूरी फाइनेंस रूल्स, जिन्हें हर युवा को अपनाना चाहिए।

### 1. 50/30/20 रूल: कमाई का सही बंटवारा

यह नियम बजट बनाने का सबसे आसान और कारगर तरीका माना जाता है। इसके अनुसार 50% आय जरूरी खर्चों पर (किराया, राशन, बिजली-पानी, बिल, ईएमआई), 30% आय इच्छाओं पर (घूमना-फिरना, मूवी, शॉपिंग, गैजेट्स) और 20% आय बचत या निवेश में लगानी चाहिए। अगर शुरुआत से ही इस फॉर्मूले को अपनाया जाए, तो खर्च नियंत्रण में रहता है और निवेश की आदत भी बनती है। कई युवा पूरी सैलरी खर्च कर देते हैं और महीने के अंत में बचत शून्य रह जाती है। 50/30/20 रूल आपको अनुशासन सिखाता है और "पहले बचत, फिर खर्च" की सोच विकसित करता है।

### 2. 20/4/10 कार रूल: गाड़ी का सपना

नई कार खरीदना लगभग हर युवा का सपना होता है। लेकिन कार लोन अक्सर लंबे समय तक वित्तीय दबाव बना देता है। ऐसे में 20/4/10 रूल बहुत काम आता है। कम से कम 20% डाउन पेमेंट करें, लोन की अवधि 4 साल से ज्यादा न रखें। आपकी मासिक आय का 10% से ज्यादा ईएमआई और कार खर्च पर न जाएं। इस नियम का मकसद यह है कि गाड़ी आपके लिए सुविधा बने, बोझ नहीं। लंबी अवधि का लोन लेने से ब्याज ज्यादा चुकाना पड़ता है और अन्य निवेश के अवसर छूट सकते हैं।

### 3. रूल ऑफ 72: कंपाउंडिंग की ताकत समझें

निवेश की दुनिया में "कंपाउंडिंग" सबसे बड़ा हथियार है। रूल ऑफ 72 आपको यह समझने में मदद करता है कि आपका पैसा कितने समय में दोगुना होगा। फॉर्मूला है: 72 ÷ ब्याज दर = पैसा डबल होने का समय (सालों में)। उदाहरण के लिए, अगर आपको 12% सालाना रिटर्न मिल रहा है तो 72 ÷ 12 = 6 साल यानी आपका निवेश लगभग 6 साल में दोगुना हो सकता है। यह नियम आपको जल्दी निवेश शुरू करने की प्रेरणा देता है। जितनी जल्दी शुरुआत करेंगे, कंपाउंडिंग का फायदा उतना ज्यादा मिलेगा।

### 4. 3–6 महीने का इमरजेंसी फंड : सुरक्षा कवच

जिंदगी अनिश्चितताओं से भरी है। अचानक नौकरी छूट जाए, मेडिकल इमरजेंसी आ जाए या कोई पारिवारिक संकट आ जाए। ऐसे समय में कर्ज लेने की नौबत न आए, इसके लिए इमरजेंसी फंड जरूरी है। आपको कम से कम 3 से 6 महीने के खर्च के बराबर रकम अलग से बचाकर रखनी चाहिए। यह रकम सेविंग अकाउंट या लिक्विड फंड जैसे सुरक्षित और आसानी से निकाले जा सकने वाले साधनों में होनी चाहिए। इमरजेंसी फंड आपको मानसिक शांति देता है और निवेश को बीच में तोड़ने से बचाता है।

### 5. रूल ऑफ 100: उम्र के अनुसार निवेश

निवेश में रिस्क और रिटर्न का संतुलन बेहद जरूरी है। रूल ऑफ 100 एक आसान फॉर्मूला देता है। 100 – आपकी उम्र = इक्विटी में निवेश का प्रतिशत। अगर आपकी उम्र 25 साल है। 100–25 = 75 यानी 75% निवेश शेयर बाजार या इक्विटी में और 25% सुरक्षित साधनों (**FD**, बॉन्ड आदि) में रखा जा सकता है। यह नियम युवाओं को ज्यादा जोखिम लेने की अनुमति देता है, क्योंकि उनके पास समय ज्यादा होता है और बाजार की गिरावट से उबरने का मौका भी।

### क्यों जरूरी हैं ये फाइनेंस रूल्स?

- ये आपको खर्च और बचत का संतुलन सिखाते हैं
- कर्ज के जाल से बचाते हैं
- निवेश की आदत जल्दी डालते हैं
- भविष्य के बड़े लक्ष्यों (घर, शादी, रिटायरमेंट) के लिए तैयारी करवाते हैं
- आर्थिक तनाव कम करते हैं
- 30 की उम्र के बाद जिम्मेदारियां तेजी से बढ़ती हैं परिवार, बच्चों की पढ़ाई, घर का लोन, मेडिकल जरूरतें। अगर आपने 20s में मजबूत वित्तीय नींव रख ली, तो आगे का सफर आसान हो जाएगा।

# आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर महिलाएं निवेश के फैसलों में बढ़ रही भागीदारी

**अब 56% अब खुद ले रहीं फैसले फाइनेंशियल प्लानिंग में गैप**

**निवेश में महिलाओं का आत्मविश्वास और योजना बनाने में चुनौती बढ़ा**

**देश के 13 शहरों के 5,050 लोगों को शामिल किया गया, सर्वे में 25 से 60 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे प्रतिभागियों को चुना गया**

बिजनेस डेस्क

भारत में महिलाओं की आर्थिक भूमिका तेजी से बदल रही है। अब महिलाएं केवल कमाई तक सीमित नहीं हैं, बल्कि निवेश से जुड़े फैसलों में भी सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं। शहरी भारत में निवेश को लेकर महिलाओं का आत्मविश्वास लगातार बढ़ रहा है और बड़ी संख्या में महिलाएं अब अपने निवेश निर्णय खुद लेने लगी हैं। हालांकि निवेश में बढ़ती भागीदारी के बावजूद मजबूत और व्यवस्थित वित्तीय योजना के मामले में अभी भी बड़ा अंतर बना हुआ है। यह तस्वीर रिपोर्ट में सामने आई है। जिसे यूजीओवी के साथ मिलकर तैयार किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक महिलाओं में निवेश के प्रति जागरूकता और स्वतंत्रता दोनों तेजी से बढ़ रही हैं, लेकिन वित्तीय लक्ष्य तय करने और दीर्घकालिक योजना बनाने में अभी भी सुधार की काफी गुंजाइश है। इस अध्ययन के लिए 2025 की चौथी तिमाही में देश के 13 शहरों के 5,050 लोगों को शामिल किया गया। सर्वे में 25 से 60 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे प्रतिभागियों को चुना गया, जो अपने परिवार के निवेश संबंधी फैसलों में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। अध्ययन में पुरुषों और महिलाओं की संख्या बराबर रखी गई और इसका फोकस मुख्य रूप से शहरी और अपेक्षाकृत उच्च सामाजिक-आर्थिक वर्ग के परिवारों पर रहा।



### अब महिलाएं खुद ले रही निवेश के फैसले

रिपोर्ट की सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि निवेश के फैसलों में महिलाओं की स्वतंत्र भागीदारी तेजी से बढ़ी है। सर्वे के मुताबिक अब 56 फीसदी महिलाएं निवेश से जुड़े फैसले खुद ले रही हैं, जबकि 2022 में यह आंकड़ा 44 फीसदी था। यानी तीन साल में इसमें 12 फीसदी की उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। वहीं, पुरुषों में यह आंकड़ा 68 फीसदी है, जो अब भी महिलाओं से अधिक है। लेकिन महिलाओं में तेजी से बढ़ती भागीदारी यह संकेत देती है कि आने वाले समय में यह अंतर और कम हो सकता है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि निवेश के बारे में खुद सीखने वाली महिलाओं की संख्या भी बढ़ रही है। अब करीब 16 फीसदी महिला निवेशकों ने कहा कि उन्होंने निवेश की जानकारी स्वयं हासिल की है, जबकि 2022 में यह आंकड़ा 13 फीसदी था। इसके विपरीत संयुक्त रूप से निवेश निर्णय लेने वाली महिलाओं का हिस्सा 52 फीसदी से घटकर 43 फीसदी रह गया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि महिलाएं अब आर्थिक मामलों में ज्यादा आत्मनिर्भर हो रही हैं।

### मार्केट-लिंक्ड प्रोडक्ट्स में बढ़ी दिलचस्पी

महिलाएं अब पारंपरिक निवेश विकल्पों के साथ-साथ बाजार से जुड़े निवेश उत्पादों में भी सक्रिय हो रही हैं। सर्वे के मुताबिक करीब 51 फीसदी महिलाएं अब म्यूचुअल फंड और शेयरों में स्वतंत्र रूप से निवेश कर रही हैं, जबकि तीन साल पहले यह आंकड़ा 39 फीसदी था। यह बदलाव इस बात का संकेत है कि महिलाओं में जोखिम लेने की क्षमता और निवेश की समझ दोनों बढ़ रही हैं।

### आत्मविश्वास ऊंचा, लेकिन फाइनेंशियल प्लानिंग कमजोर

रिपोर्ट का एक अहम निष्कर्ष यह भी है कि निवेशकों में आत्मविश्वास तो बढ़ा है, लेकिन व्यवस्थित वित्तीय योजना के मामले में अभी भी बड़ा अंतर बना हुआ है। सर्वे के मुताबिक 84 फीसदी लोगों को भरोसा है कि वे निवेश के फैसले खुद लेने में सक्षम हैं। लेकिन सिर्फ 33 फीसदी निवेशकों के पास ही स्पष्ट वित्तीय लक्ष्य और उन्हें हासिल करने की ठोस योजना मौजूद है।

### यह भी जानें

- 32 फीसदी लोगों के पास योजना तो है, लेकिन कोई स्पष्ट लक्ष्य नहीं है।
- 29 फीसदी लोगों ने लक्ष्य तय किए हैं, लेकिन उन्हें हासिल करने की ठोस रणनीति नहीं है।
- 6 फीसदी के पास न लक्ष्य है और न ही कोई योजना।
- 25 से 34 वर्ष की युवा महिलाओं में ज्यादा दिखाई देता है। इस आयु वर्ग की कई महिलाएं निवेश की योजना तो बनाती हैं, लेकिन उनके लक्ष्य स्पष्ट नहीं होते।

### पैसे के मायने भी बदल रहे

अध्ययन दिखाता है कि शहरी भारत में पैसे को लेकर लोगों की सोच तेजी से बदल रही है। पहले जहां पैसे को मुख्य रूप से जरूरत या जीविका से जोड़ा जाता था, वहीं इसे आजादी और बेहतर जीवनशैली से जोड़ा जाने लगा है। 2022 में जहां 27 फीसदी लोग पैसे को 'आजादी' से जोड़ते थे, वहीं अब यह आंकड़ा बढ़कर 35 फीसदी हो गया है। इसके विपरीत पैसे को केवल 'जरूरत' से जोड़ने वालों की संख्या घट गई है।

### घर से ज्यादा अनुभवों पर खर्च

निवेश व्यवहार में एक दिलचस्प बदलाव यह भी देखने को मिला है कि लोग पारंपरिक संपत्तियों के बजाय अनुभवों को अधिक महत्व देने लगे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 41 फीसदी महिलाएं घर खरीदने की बजाय यात्रा को प्राथमिकता दे रही हैं, जबकि पुरुषों में यह आंकड़ा 34 फीसदी है। 2025 में करीब 43 फीसदी लोगों ने अतिरिक्त पैसे का इस्तेमाल यात्रा पर किया, जबकि 2022 में यह हिस्सा 36 फीसदी था। वहीं, घर खरीदने को सबसे बड़ा सपना मानने वालों का प्रतिशत 36 फीसदी से घटकर 28 फीसदी रह गया है।

### सलाहकारों पर भरोसा लेकिन उपयोग सीमित

- 39 फीसदी लोग वित्तीय जानकारी किसी अनजान व्यक्ति से साझा करने में असहज महसूस करते हैं।
- 35 फीसदी का मानना है कि उन्हें अन्य स्रोतों से ही पर्याप्त जानकारी मिल जाती है।
- 32 फीसदी किसी की सलाह मानने में सहज नहीं होते।
- निवेश के मामलों में परिवार और दोस्तों की भूमिका सबसे अहम बनी हुई है। 76 फीसदी निवेश संबंधी सलाह अपने सामाजिक दायरे से लेते हैं।
- निवेश से जुड़े फैसलों में सोशल मीडिया की भूमिका भी तेजी से बढ़ रही है।
- शेयर बाजार में निवेश करने वाली महिलाओं में 51 फीसदी सोशल मीडिया पर स्टॉक से जुड़े कंटेंट पर सक्रिय रूप से पोस्ट या टिप्पणी करती हैं, जबकि पुरुषों में यह आंकड़ा 36 फीसदी है।




# सैलरी और जरूरतों को समझें कितना इमरजेंसी फंड है जरूरी

तैयारी

बिजनेस डेस्क

आज की अनिश्चित आर्थिक परिस्थितियों में केवल निवेश करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि एक मजबूत इमरजेंसी फंड बनाना भी उतना ही जरूरी है। नौकरी की अस्थिरता, अचानक मेडिकल खर्च, बिजनेस में मंदी या किसी पारिवारिक संकट जैसी स्थितियां बिना चेतावनी के सामने आ सकती हैं। ऐसे समय में इमरजेंसी फंड आपके वित्तीय जीवन का सेफ्टी नेट बनता है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यही है आखिर कितना इमरजेंसी फंड होना चाहिए? इसका जवाब हर व्यक्ति के लिए अलग हो सकता है, क्योंकि यह आपकी आय, खर्च, पारिवारिक जिम्मेदारियों और नौकरी की स्थिरता पर निर्भर करता है।

### क्या है इमरजेंसी फंड?

इमरजेंसी फंड वह राशि है जिसे आप केवल आपात स्थिति के लिए अलग रखते हैं। यह पैसा निवेश के लिए नहीं, बल्कि संकट के समय खर्च चलाने के लिए होता है। इसका उद्देश्य है कि किसी भी आकस्मिक स्थिति में आपको कर्ज न लेना पड़े या निवेश तोड़ना न पड़े।

### तीन महीने का इमरजेंसी फंड : किनके लिए सही?

- अगर आप: सैलरीड कर्मचारी हैं, अविवाहित हैं, ईएमआई या बड़ी वित्तीय जिम्मेदारियां नहीं हैं। आपकी नौकरी स्थिर और सुरक्षित है। तो आपके लिए 3 महीने के खर्च के बराबर इमरजेंसी फंड पर्याप्त हो सकता है। उदाहरण के तौर पर, यदि आपका मासिक खर्च 40,000 है, तो कम से कम 1.2 लाख रुपये का इमरजेंसी फंड होना चाहिए। इसमें किराया, राशन, बिजली-पानी, मोबाइल बिल, ट्रांसपोर्ट और बीमा प्रीमियम जैसे आवश्यक खर्च शामिल करें।

### 6 महीने का इमरजेंसी फंड परिवार वालों के लिए जरूरी

- यदि आप शादीशुदा हैं या आपके ऊपर परिवार की जिम्मेदारी है, तो जोखिम बढ़ जाता है। ऐसे में कम से कम 6 महीने के खर्च के बराबर फंड रखना समझदारी है। मान लीजिए आपका मासिक खर्च 70,000 है, तो लगभग 4.2 लाख का इमरजेंसी फंड होना चाहिए। इसमें शामिल करें: घर का किराया या ईएमआई, बच्चों की स्कूल फीस, राशन और घरेलू खर्च, बीमा प्रीमियम, मेडिकल खर्च, परिवार के साथ रहने पर अचानक खर्च बढ़ सकते हैं, इसलिए ज्यादा सुरक्षा जरूरी है।

### 9 से 12 महीने का इमरजेंसी फंड अस्थिर आय वालों के लिए

- अगर आप : फ्रीलांसर हैं, बिजनेस मालिक हैं, कमीशन आधारित आय पर निर्भर हैं, परिवार के अकेले कमाने वाले सदस्य हैं
- तो आपको 9 से 12 महीने के खर्च के बराबर इमरजेंसी फंड रखना चाहिए। अनियमित आय वाले लोगों पर आर्थिक मंदी या बाजार में गिरावट का असर ज्यादा होता है। उदाहरण के लिए, यदि आपका मासिक खर्च 60,000 है, तो 5.4 लाख रुपये से 7.2 लाख तक का फंड सुरक्षित माना जाएगा। यह आपको लंबी अवधि तक वित्तीय स्थिरता देगा।

### कितना कम या ज्यादा है सही?

- बहुत कम इमरजेंसी फंड जोखिम भरा है, क्योंकि अचानक नौकरी जाने या बीमारी की स्थिति में आपको कर्ज लेना पड़ सकता है। वहीं, जरूरत से ज्यादा पैसा केवल सेविंग अकाउंट में रखने से आपकी निवेश ग्रोथ धीमी हो सकती है, क्योंकि उस पर कम रिटर्न मिलता है। इसलिए संतुलन जरूरी है न बहुत कम, न बहुत ज्यादा।

### इमरजेंसी फंड कहां रखें?

1. सेविंग अकाउंट
   सबसे आसान और लिक्विड विकल्प। पैसा तुरंत निकाला जा सकता है। हालांकि ब्याज दर कम होती है।
2. शॉर्ट-टर्म फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी)
   कम अवधि की एफडी में पैसा रखने से सेविंग अकाउंट से थोड़ा ज्यादा ब्याज मिलता है और जोखिम भी कम रहता है।
3. स्वीप-इन एफडी
   यह एक बेहतर विकल्प है, जहां आपका पैसा सेविंग अकाउंट में रहता है और जरूरत से ज्यादा राशि स्वतः एफडी में चली जाती है। जरूरत पड़ने पर ऑटोमैटिक ब्रेक होकर पैसा उपलब्ध हो जाता है। ध्यान रखें, इमरजेंसी फंड को शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड या लंबी अवधि के निवेश साधनों में न रखें, क्योंकि बाजार गिरावट के समय आपको नुकसान में पैसा निकालना पड़ सकता है।

### इमरजेंसी फंड कैसे बनाएं?

- हर महीने सैलरी का 10–20% अलग रखें
- बोनस या अतिरिक्त आय का हिस्सा जोड़ें
- खर्चों की समीक्षा कर गैर-जरूरी खर्च कम करें

### लक्ष्य तय करें व ऑटोमैटिक ट्रांसफर सेट करें

- धीरे-धीरे 6–12 महीनों में आपका फंड तैयार हो सकता है।

### जीवन की पहली सुरक्षा परत

- इमरजेंसी फंड आपके वित्तीय जीवन की पहली सुरक्षा परत है। निवेश से पहले इसे प्राथमिकता देना चाहिए। आपकी सैलरी, नौकरी की स्थिरता और पारिवारिक जिम्मेदारियां तय करती हैं कि आपको 3, 6 या 12 महीने का फंड रखना चाहिए।
- सही योजना के साथ बनाया गया इमरजेंसी फंड आपको मानसिक शांति देता है और किसी भी आर्थिक संकट में मजबूती से खड़ा रखता है। याद रखें सुरक्षा पहले, निवेश बाद में।

# पैसे को सही दिशा देना बेहद जरूरी

**बिजनेस डेस्क।** आज की अनिश्चित आर्थिक परिस्थितियों में केवल निवेश करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि मजबूत इमरजेंसी फंड बनाना भी उतना ही जरूरी है। नौकरी की अस्थिरता, अचानक मेडिकल खर्च, बिजनेस में मंदी या किसी पारिवारिक संकट जैसी स्थितियां बिना चेतावनी के सामने आ सकती हैं। ऐसे समय में इमरजेंसी फंड आपके वित्तीय जीवन का सेफ्टी नेट बनता है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यही है आखिर कितना इमरजेंसी फंड होना चाहिए? इसका जवाब हर व्यक्ति के लिए अलग हो सकता है, क्योंकि यह आपकी आय, खर्च, पारिवारिक जिम्मेदारियों और नौकरी की स्थिरता पर निर्भर करता है।

**क्या है इमरजेंसी फंड? :** इमरजेंसी फंड वह राशि है जिसे आप केवल आपात स्थिति के लिए अलग रखते हैं। यह पैसा निवेश के लिए नहीं, बल्कि संकट के समय खर्च चलाने के लिए होता है। इसका उद्देश्य है कि किसी भी आकस्मिक स्थिति में आपको कर्ज न लेना पड़े या निवेश तोड़ना न पड़े।

**तीन महीने का इमरजेंसी फंड : किनके लिए सही?**

- अगर आप: सैलरीड कर्मचारी हैं, अविवाहित हैं, ईएमआई या बड़ी वित्तीय जिम्मेदारियां नहीं हैं। आपकी नौकरी स्थिर और सुरक्षित है। तो आपके लिए 3 महीने के खर्च के बराबर इमरजेंसी फंड पर्याप्त हो सकता है। उदाहरण के तौर पर, यदि आपका मासिक खर्च 40,000 है, तो कम से कम 1.2 लाख रुपये का इमरजेंसी फंड होना चाहिए। इसमें किराया, राशन, बिजली-पानी, मोबाइल बिल, ट्रांसपोर्ट और बीमा प्रीमियम जैसे आवश्यक खर्च शामिल करें।

**6 महीने का इमरजेंसी फंड : परिवार वालों के लिए जरूरी**

- यदि आप शादीशुदा हैं या आपके ऊपर परिवार की जिम्मेदारी है, तो जोखिम बढ़ जाता है। ऐसे में कम से कम 6 महीने के खर्च के बराबर फंड रखना समझदारी है। आपका मासिक खर्च 70,000 है, तो लगभग 4.2 लाख का इमरजेंसी फंड होना चाहिए। इसमें शामिल करें: घर का किराया या ईएमआई, स्कूल फीस, राशन और घरेलू खर्च, बीमा प्रीमियम, मेडिकल खर्च, परिवार के साथ रहने पर अचानक खर्च बढ़ सकते हैं, इसलिए ज्यादा सुरक्षा जरूरी है।

**9 से 12 महीने का इमरजेंसी फंड : अस्थिर आय वालों के लिए**

अगर आप : फ्रीलांसर हैं, बिजनेस मालिक हैं, कमीशन आधारित आय पर निर्भर हैं, परिवार के अकेले कमाने वाले सदस्य हैं तो आपको 9 से 12 महीने के खर्च के बराबर इमरजेंसी फंड रखना चाहिए। अनियमित आय वाले लोगों पर आर्थिक मंदी या बाजार में गिरावट का असर ज्यादा होता है। उदाहरण के लिए, यदि आपका मासिक खर्च 60,000 है, तो 5.4 लाख रुपये से 7.2 लाख तक का फंड सुरक्षित माना जाएगा। लंबी अवधि तक वित्तीय स्थिरता देगा।

**कितना कम या ज्यादा है सही? :** बहुत कम इमरजेंसी फंड जोखिम भरा है, क्योंकि अचानक नौकरी जाने या बीमारी की स्थिति में आपको कर्ज लेना पड़ सकता है। वहीं, जरूरत से ज्यादा पैसा केवल सेविंग अकाउंट में रखने से आपकी निवेश ग्रोथ धीमी हो सकती है, क्योंकि उस पर कम रिटर्न मिलता है। इसलिए संतुलन जरूरी है न बहुत कम, न बहुत ज्यादा।

**इमरजेंसी फंड कहां रखें?**

**1. सेविंग अकाउंट**

सबसे आसान और लिक्विड विकल्प। पैसा तुरंत निकाला जा सकता है। हालांकि ब्याज दर कम होती है।

**2. शॉर्ट-टर्म फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी)**

कम अवधि की एफडी में पैसा रखने से सेविंग अकाउंट से थोड़ा ज्यादा ब्याज मिलता है और जोखिम भी कम रहता है।

**3. स्वीप-इन एफडी**

एक बेहतर विकल्प है, जहां आपका पैसा सेविंग अकाउंट में रहता है और जरूरत से ज्यादा राशि स्वतः एफडी में चली जाती है। जरूरत पर ऑटोमैटिक ब्रेक होकर पैसा उपलब्ध हो जाता है।

**इमरजेंसी फंड कैसे बनाएं?**

- हर महीने सैलरी का 10–20% अलग रखें।
- बोनस या अतिरिक्त आय का हिस्सा जोड़ें।
- खर्चों की समीक्षा कर गैर-जरूरी खर्च कम करें।
- लक्ष्य तय करें और ऑटोमैटिक ट्रांसफर सेट करें।

## अगर आदत जल्दी बनती है तो जोखिम भी रहता है सीमित

समय जितना ज्यादा कंपाउंडिंग का असर उतना बड़ा होगा

# सिर्फ 1000 रुपये की एसआईपी से करोड़पति बन सकती है जेन जेड, रिटायरमेंट तक तैयार हो सकता है बड़ा फंड

निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

आज की युवा पीढ़ी यानी जेन जेड कमाई के साथ-साथ निवेश को लेकर भी पहले से ज्यादा जागरूक हो रही है। 1997 से 2012 के बीच जन्मी यह पीढ़ी टेक्नोलॉजी-फ्रेंडली है और डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए निवेश करना पसंद करती है, लेकिन बड़ा सवाल यह है क्या सच में सिर्फ 1000 रुपये की एसआईपी से करोड़पति बना जा सकता है? जवाब है हां, अगर शुरुआत जल्दी हो और निवेश लंबी अवधि तक जारी रहे।

### क्या है एसआईपी और क्यों खास?

एसआईपी यानी सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान। यह तरीका आपको हर महीने एक तय राशि निवेश करने की सुविधा देता है। एसआईपी के जरिए निवेश मुख्य रूप से म्यूचुअल फंड में किया जाता है, जिसका प्रदर्शन शेयर बाजार पर निर्भर करता है। एसआईपी की सबसे बड़ी ताकत है कंपाउंडिंग-यानी आपके निवेश पर मिलने वाला रिटर्न भी आगे रिटर्न कमाता है। यही चक्र समय के साथ बड़े फंड में बदल जाता है। मान लीजिए आपकी उम्र 20 साल है और आप हर महीने 1000 रुपये की एसआईपी शुरू करते हैं। आप यह निवेश 60 साल की उम्र तक यानी 40 साल तक जारी रखते हैं। यदि सालाना 12% अनुमानित रिटर्न मिले।




### टॉप 5 फंड्स का 5 साल का एनुअल रिटर्न 19 से 20% तक रहा

### इसे ऐसे समझें

- कुल निवेश: 1000×12 महीने × 40 साल = 4.8 लाख रुपये
- अनुमानित फंड : लगभग 97.93 लाख रुपये यानी सिर्फ 4.8 लाख रुपये निवेश करके आप करीब 98 लाख रुपये का फंड बना सकते हैं।
- यदि सालाना 15% अनुमानित रिटर्न मिले
- कुल निवेश : 4.8 लाख रुपये
- अनुमानित फंड : लगभग 2.30 करोड़ रुपये
- यहां साफ दिखता है कि रिटर्न में सिर्फ 3% का अंतर भी लंबे समय में कितना बड़ा बदलाव ला सकता है। यही है कंपाउंडिंग की असली ताकत।

### जल्दी शुरुआत क्यों है जरूरी?

अगर आप 20 की उम्र में शुरुआत करते हैं तो आपके पास 40 साल का समय है। लेकिन यदि यही निवेश 30 की उम्र से शुरू करते हैं, तो आपके पास केवल 30 साल बचेंगे और फंड का आकार काफी छोटा हो जाएगा। समय जितना ज्यादा, कंपाउंडिंग का असर उतना बड़ा।

### बाजार जोखिम समझना जरूरी

- एसआईपी पूरी तरह शेयर बाजार से जुड़ी होती है। ऐसे में जरूरी बातें समझना जरूरी है।
- रिटर्न कभी भी फिक्स नहीं होता।
- बाजार में तेजी होगी तो ज्यादा रिटर्न मिलेगा।
- गिरावट के समय पोर्टफोलियो में अस्थायी नुकसान हो सकता है।
- लंबी अवधि में जोखिम कम हो जाता है।
- इतिहास बताता है कि लंबी अवधि में इक्विटी बाजार ने बेहतर रिटर्न दिया है, लेकिन धैर्य बनाए रखना जरूरी है।

### टैक्स का भी रखें ध्यान

एसआईपी से मिलने वाला मुनाफा पूरी तरह टैक्स-फ्री नहीं होता। इक्विटी फंड में एक साल से ज्यादा निवेश रखने पर लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स लागू होता है (निर्धारित सीमा से ऊपर के लाभ पर)। इसलिए रिटायरमेंट प्लानिंग करते समय टैक्स की गणना भी शामिल करें।

### खास सलाह

- लंबा निवेश समय
- डिजिटल प्लेटफॉर्म तक आसान पहुंच
- रिस्क लेने की क्षमता
- अगर आप अभी से 1000 रुपये की एसआईपी शुरू करते हैं और हर साल अपनी आय बढ़ने पर एसआईपी की रकम भी बढ़ाते हैं (स्टेप अप एसआईपी), तो फंड का आकार कई गुना हो सकता है।

### निवेश शुरू करने से पहले रखें इन बातों का ध्यान

- इमरजेंसी फंड जरूर बनाएं
- हेल्थ और टर्म इंश्योरेंस लें।
- अपनी जोखिम क्षमता के अनुसार फंड चुनें।
- निवेश लंबी अवधि के लिए रखें, बीच में बंद न करें।
- बाजार गिरने पर घबराकर एसआईपी बंद न करें।

### क्या 1000 रुपये काफी

शुरुआत के लिए 1000 रुपये बिल्कुल पर्याप्त है। असली बात रकम नहीं, अनुशासन और निरंतरता है। समय के साथ आप एसआईपी बढ़ा सकते हैं। छोटी रकम से शुरुआत करने का फायदा यह है कि आदत जल्दी बनती है और जोखिम सीमित रहता है। जेन जेड के लिए यह सुनहरा मौका है। 20 की उम्र में शुरू की गई 1000 रुपये की एसआईपी 60 की उम्र तक करोड़ों का फंड बना सकती है। बशर्ते निवेश लंबी अवधि तक जारी रहे और अनुशासन बना रहे। याद रखिए, अमीर बनने के लिए बड़ी सैलरी नहीं, बल्कि जल्दी शुरुआत, धैर्य और कंपाउंडिंग की समझ जरूरी है। अगर आज कदम उठाएंगे, तो रिटायरमेंट के समय आपके पास भारी-भरकम फंड हो सकता है। अब सवाल यह है कि आप अपनी पहली एसआईपी कब शुरू कर रहे हैं?

बिलासपुर, रविवार 8 मार्च 2026 haribhoomi.com हरिभूमि 7







# विश्व महिला दिवस
## हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

महिलाओं का सम्मान सिर्फ एक परंपरा या औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज की उन्नति और विकास की सबसे अहम बुनियाद है। आज जब हम महिलाओं की ताकत और उपलब्धियों की बात करते हैं, तो 8 मार्च का दिन खुद-ब-खुद एक प्रतीक बन जाता है। यह सिर्फ एक तारीख नहीं, बल्कि नारी शक्ति के संघर्ष, संकल्प और सफलता का उत्सव है। दुनिया भर में इस दिन को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि इस खास दिन की शुरुआत कैसे हुई? क्या आप जानते हैं कि यह दिन नारी सशक्तिकरण, समानता और अधिकारों की लंबी लड़ाई का परिणाम है? आइए, इस आर्टिकल में हम आपको महिला दिवस के इतिहास और इसके महत्व के बारे में बताते हैं।

















### महिला दिवस की शुरुआत कैसे हुई?

आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं, लेकिन यह सफर इतना आसान नहीं था। एक समय था जब महिलाओं को न तो शिक्षा का अधिकार था, न ही वोट देने का और न ही उन्हें पुरुषों के बराबर माना जाता था। इस असमानता के खिलाफ महिलाओं ने आवाज उठाई और 1908 में न्यूयॉर्क शहर में करीब 15,000 महिलाओं ने एक विशाल प्रदर्शन किया। वे कम वेतन, बेहतर काम करने की परिस्थितियां और वोटिंग के अधिकार की मांग कर रही थीं। इस आंदोलन ने पूरे विश्व का ध्यान खींचा और 1910 में डेनमार्क के कोपेनहेगन शहर में एक अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन हुआ। इस सम्मेलन में जर्मनी की समाजवादी नेता क्लारा जेटकिन ने यह प्रस्ताव रखा कि हर साल एक दिन महिलाओं के अधिकारों और समानता के लिए समर्पित किया जाना चाहिए। इस विचार को कई देशों ने अपनाया और 1911 में पहली बार ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, जर्मनी और स्विट्जरलैंड में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।








































## खबर संक्षेप



### भाजयुमो ने डिप्टी सीएम साव से लिया मार्गदर्शन

**लोरमी।** जिला भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने नवा रायपुर अटल नगर स्थित शासकीय निवास कार्यालय में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव से आत्मीय मुलाकात की। इस मौके पर श्री साव ने युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं को को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि, युवा मोर्चा के हमारे ऊर्जावान साथी संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने, पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। साथ ही उन्होंने 2028 में फिर से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनाने के लिए अभी से अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की बात कही। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष राकेश साहू, यश गुप्ता,उमाशंकर बघेल, उपाध्यक्ष अभिषेक पाठक,तामेश्वर साहू,राजेश्वर टंडन, राजीव सिंह, उत्तम साहू,नारयण वर्मा, जिला महामंत्री घनेन्द्र राजपूत, राजेन्द्र साहू,जिला मंत्री पियुष साहू,दीपक सोनकर, नारायण जायसवाल, युगल राजपूत,उदित साहू,जिला कोषाध्यक्ष अरविंद सोनी,पंकज ठाकुर,मुकेश जायसवाल, जिला कार्यलय मंत्री धर्मेंद्र चतुर्वेदी, गजेंद्र साहू,केशव गोयल, मीडिया प्रभरी घनश्याम यादव, अक्षय लहरे,रवि साहू,विजय निषाद सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ग्रामीण सर्किल में 8 टीम का गठन किया गया

# बिजली विभाग ने 81 कनेक्शन काटे उपभोक्ताओं से वसूले 5 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

बिजली विभाग इन दिनों बकाया बिल की वसूली में जुझ चुका है। इसी का परिणाम है कि लगातार अधिकारी लोगों के घर व दुकान में दस्तक दे रहे हैं और वसूली नहीं होने पर सीधे तौर पर कनेक्शन काटे जा रहे हैं।

अधीक्षण यंत्री सुरेश कुमार जांगड़े ने बताया कि मार्च आते ही बिजली बिल की बकाया वसूली का अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीण सर्किल में 8 टीम का गठन किया गया है। इस दौरान बिजली अधिकार 46 बकायादारों से 5 लाख 9हजार रुपए की वसूली की गई।इस दौरान 45 लाख 47 हजार रूपए की वसूली नहीं होने पर 81 उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा गया। इस दौरान सकरी क्षेत्र के आसमा कॉलोनी के 7 कनेक्शनधारियों से 15 लाख 36हजार की वसूली नहीं होने पर अधिकारियों ने कनेक्शन काटा दिया है। इसी प्रकार ग्राम मेंड्रा के राजकुमार बकाया राशि 83974 रूपए, संस्कृति विहार के साधना सूर्यवंशी,कुमार बकाया राशि 62164 रूपए राजेश वर्मा आसमा सिटी बकाया राशि 51006 रूपए, पूजा साहू 44233रू, श्यामा साहू 44016 रु, दीपक कुमार सूर्यवंशी 40837रूपए, अनिल कुमार गुप्ता, सागरदीप 39120 रूपए, श्याम बाई ग्राम सईदा 37458 रूपए, तरुण कुमार त्रिवेदी रामा लाइफ सिटी बकाया, परदेशी सकरी बकाया राशि 35779 रूपए और अन्य बकायादारों का लाइन काटा गया।



इन अधिकारियों का रहा सहयोग- बिजली उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने के दौरान कार्यपालन यंत्री सिटी विजिलेंस सीपी गढ़ेवाल, एसके मुखर्जी, श्रीमती पूर्णिमा सिंह, अनुपम सरकार, सहायक यंत्री प्रमोद कुमार चौबे, जीतेश दिव्य, वरदान खलखो, कनिष्ठ यंत्री कंचन खूंटे एवं सकरी उपसंभाग के कर्मचारी शामिल रहे।

# ‘संकल्प’ बजट में हर क्षेत्र पर फोकस: धरमलाल

**मुंगेली।** स्थानीय विश्राम गृह में पत्रकारों से चर्चा करते हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने प्रदेश सरकार के बजट पर खुलकर बात की। प्रेस वार्ता में विधायक पुन्नूलाल मोहले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडे, जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेष पाठक, गिरिश शुक्ला, सुनील पाठक, लोकनाथ सिंह, रामशरण यादव की उपस्थिति में प्रेस को जानकारी दी गई।

धरमलाल कौशिक ने कहा कि, विष्णुदेव साय की सरकार का इस वर्ष का बजट 'संकल्प' थीम के साथ प्रस्तुत हुआ। शिक्षा, कृषि, पर्यटन, खेल, स्वास्थ्य और बस्तर-सरगुजा के विकास पर फोकस है। श्री कौशिक ने कहा कि सरकार ने प्रदेश के विकास के लिए पांच मुख्यमंत्री मिशन शुरू किए हैं, जिनमें मुख्यमंत्री अधोसंरचना मिशन, मुख्यमंत्री एआई मिशन, मुख्यमंत्री पर्यटन विकास मिशन, मुख्यमंत्री स्टार्टअप मिशन तथा मुख्यमंत्री खेल उत्कर्ष मिशन शामिल हैं। बजट में स्कूल शिक्षा के लिए सर्वाधिक 13.5 प्रतिशत प्रावधान किया गया है। वहीं बस्तर के अबूझमाड़ और जगरगुंडा में दो एजुकेशन सिटी बनाने की घोषणा की गई है। सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए कैशलेस इलाज की व्यवस्था भी बजट में शामिल है। औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए 23 नए औद्योगिक पार्कों की स्थापना हेतु 250 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। शहरी विकास के लिए मुख्यमंत्री आदर्श शहर समृद्धि योजना में 200 करोड़ रुपए और भूमि विकास बैंक योजना के लिए 200 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। कृषि क्षेत्र को मजबूती देने के लिए 13 हजार 500 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। धान खरीदी में 3 हजार 100 रुपए प्रति क्विंटल के अंतर की राशि का भुगतान एकमुश्त करने की व्यवस्था भी जारी रहेगी। बस्तर और सरगुजा क्षेत्र के विकास के लिए खाद्य, कृषि और उससे जुड़े उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु 100 करोड़ रुपए दिए गए हैं। साथ ही बकरी पालन, सूअर पालन और मधुमक्खी पालन जैसे आजीविका के साधनों को भी बढ़ावा दिया जाएगा। स्थानीय लोगों की आय बढ़ाने के लिए होमस्टे योजना के लिए 10 करोड़ रुपए रखे गए हैं। इसके अलावा प्रदेश में पांच नए मेडिकल कॉलेजों का संचालन, हवाई सेवाओं का विस्तार, मुख्यमंत्री बस सेवा और बस्तर-सरगुजा ओलंपिक के लिए भी बजट प्रावधान किया गया है।



बजट की जानकारी देते पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री कौशिक।

# विधायक मोहले ने किया ट्रांसफार्मर का लोकार्पण

**सेतगंगा-मुंगेली।** छत्तीसगढ़ी स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड मुंगेली के ग्राम पंचायत पौनी में बिजली सब स्टेशन में नया अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर 3.15 एम वीए का स्थापित किया गया, जिसका लोकार्पण विधायक पुन्नूलाल मोहले ने पूजा-अर्चना कर किया। पौनी सब स्टेशन मे अधिक लोड होने के कारण पिछले 6 महीने से क्षेत्र के लोग लो वोल्टेज से जूझ रहे थे, नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित होने से लो वोल्टेज के समस्या से पौनी सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों को बिजली समस्या से निजात मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह परिहार ने की। इस दौरान रजनी मानिक सोनवानी, लक्ष्मीकांत भास्कर, किरन घृतलहरे, नेमसिंह बोगी बारमते, भारत रत्न मंडेला बनर्जी, संदीप सिंह ठाकुर, सोम वैष्णव, धनेश कुमार नवरंग, शिवकुमार लहरिया, सत्यप्रकाश सिंह, तिलक सिंह बनर्जी, बलदाऊ साहू, लोकनाथ सिंह, मानस प्रताप बैस, मानस प्रताप सिंह ठाकुर, सुरेश केशरवानी, शिवकुमार बंजारा, राकेश साहू, मानिकलाल सोनवानी, नितेश भारद्वाज, मनोहर मोहले, सुखचंद साहू, माधो सिंह ठाकुर, गिरवर घृतलहरे, नरेंद्र सिंह, सत्यम साहू, आनंद शर्मा, अर्चना बंजारा, टारकेश्वर साहू, ग्राम पंचायत के सभी पंच व प्रतिनिधि व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, बिजली विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



लोकार्पण करते विधायक श्री मोहले।

डीईओ और डीएमसी को नोटिस जारी करने के निर्देश

# कलेक्टर ने किया निर्माणाधीन पीएमश्री आत्मानंद स्कूलों का निरीक्षण



निरीक्षण करते कलेक्टर एवं अधिकारी।

**मुंगेली।** जिले में निर्माणाधीन पीएमश्री तथा स्वामी आत्मानंद विद्यालयों का निरीक्षण कलेक्टर कुन्दन कुमार ने किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति और गुणवत्ता में कमी पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय के साथ मोतिमपुर में निर्माणाधीन पीएमश्री विद्यालय का अवलोकन किया। उन्होंने लैब, लाइब्रेरी, कक्षाओं सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए पीएमश्री के मानकों के अनुरूप सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा स्कूल की शिफ्टिंग जल्द सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप नहीं पाए जाने पर कलेक्टर ने एसडीओ सहित सब इंजीनियर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने लोरमी विकासखंड के लालपुर धाम में स्व अंजोरदास पाटले स्वामी आत्मानंद विद्यालय के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित इंजीनियरों और ठेकेदारों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि, शिक्षा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए विद्यालय परिसर के निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खराब गुणवत्ता पाए जाने पर संबंधितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वामी आत्मानंद स्कूल लोरमी का भी दौरा किया। यहां निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के ईई, एसडीओ एवं सब इंजीनियर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण कार्यों की समय पर रिपोर्टिंग और प्रभावी मॉनिटरिंग नहीं होने पर जिला शिक्षा अधिकारी और जिला मिशन समन्वयक को भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्वामी आत्मानंद विद्यालय लोरमी में कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने बच्चों से गणित के प्रश्न पूछे और स्वयं शिक्षक बनकर बोर्ड पर सवाल हल कर उन्हें समझाया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से उनके भविष्य के सपनों के बारे में भी जाना और उन्हें मोबाइल से दूर रहकर पूरी मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# सीएमएचओ ने किया नगर के निजी अस्पतालों का निरीक्षण



निरीक्षण करते सीएमएचओ।

**मुंगेली।** जिले में संचालित निजी अस्पतालों एवं डायग्नोस्टिक सेंटरों का औचक निरीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा, जिला नोडल अधिकारी नर्सिंग होम एक्ट/पीसीपीएनडीटी एक्ट डॉ कमलेश खैरवार तथा प्रभारी आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रशांत ठाकुर की संयुक्त टीम ने सिटी हॉस्पिटल, राम डायग्नोस्टिक सेंटर, केएम इमेजिंग सेंटर, एसबी हॉस्पिटल मुंगेली, अवध लाइफ केयर हॉस्पिटल तथा यशोदा हॉस्पिटल का निरीक्षण किया।

■ समस्याओं के शीघ्र निराकरण नहीं होने पर कार्रवाई की चेतावनी

निरीक्षण के दौरान सिटी हॉस्पिटल मुंगेली में कोई भी चिकित्सक उपस्थित नहीं पाए गए तथा नर्सिंग स्टाफ की भी कमी पाई गई। वहीं राम डायग्नोस्टिक सेंटर में रजिस्टर का अवलोकन करने पर वह पूर्ण रूप से संधारित नहीं पाया गया। इसी प्रकार एसबी हॉस्पिटल में रजिस्टर एवं मरीजों के केसशीट का निरीक्षण किया गया, जहां रजिस्टर और केसशीट अपूर्ण पाए गए। इस पर अस्पताल संचालक को रजिस्टर पूर्ण रूप से संधारित करने के निर्देश दिए गए। अवध लाइफ केयर हॉस्पिटल में ओपीडी, आईपीडी, जन्म-मृत्यु रजिस्टर, ओटी रजिस्टर सहित अन्य आवश्यक अभिलेखों और मरीजों की केसशीट का निरीक्षण किया गया। यहां भी सभी रजिस्टर अपूर्ण पाए गए तथा मरीजों की केसशीट भी पूर्ण रूप से नहीं भरी गई थी। इस पर अस्पताल संचालक को सभी अभिलेख तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान केएम इमेजिंग सेंटर में पार्किंग व्यवस्था सुव्यवस्थित नहीं पाई गई, जिस पर सेंटर संचालक को पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। वहीं यशोदा हॉस्पिटल में मरीजों की केसशीट अपूर्ण पाई गई, जिसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

## निधन

### जियालाल कश्यप



**बिलासपुर।** धुरीपारा पाठबाबा निवासी जियालाल कश्यप का 7 मार्च को निधन हो गया। वे 81 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार 8 मार्च को सुबह 10.00 बजे धुरीपारा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे महेश कश्यप और कमलेश कश्यप के पिता थे।

### कृष्णावती साहू



**बिलासपुर।** नंदू गैरेज के सामने तेलीपारा निवासी कृष्णावती साहू का 7 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 मार्च को सुबह 9 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. अश्विनी साहू की पत्नी एवं अवि साहू की माता थीं।

### दुकाला बाई कौशिक



**बिलासपुर।** ग्राम नगोई निवासी दुकाला बाई कौशिक का शनिवार को निधन हो गया। वे 88 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 8 मार्च को सुबह 10 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्व. पदुमलाल कौशिक की धर्मपत्नि, संतोष कौशिक, अशोक कौशिक, मनोज कौशिक की मां थीं।

### रामेश्वर सोनी



**मल्हार।** नगर पंचायत मल्हार से सेवानिवृत्त व वर्तमान में प्लेसमेंट कर्मचारी के रूप में कार्यरत रामेश्वर सोनी का आकस्मिक निधन शुक्रवार को हो गया। इनका अंतिम संस्कार शनिवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे कैलाश सोनी व अरविंद सोनी के पिता थे।

### माखनलाल पाण्डेय



**बिलासपुर।** ग्राम बदरा (ब) निवासी माखनलाल पाण्डेय का 90 वर्ष की आयु में 4 मार्च बुधवार को शाम 6:30 बजे बिलासपुर में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 5 मार्च को सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे जितेन्द्र, रामअवतार, सुरेन्द्र, महेश, उमाकांत पांडेय के पिता व अनुराग, शुभम, उत्कर्ष, निनाद, गौरव, अजिष्ठ के दादा थे।

# सहकारी बैंक पहुंचे दिनेश, किसानों से की मुलाकात

**तखतपुर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश राजपूत ने विधानसभा तखतपुर के सेवा सहकारी बैंक तखतपुर पहुंचकर किसानों से मुलाकात की और धान बिक्री भुगतान व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याओं और सुझावों की जानकारी ली।

दिनेश राजपूत ने किसानों को बताया कि, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार किसानों के हित में लगातार ऐतिहासिक निर्णय ले रही है। शासन के निर्देशानुसार किसानों को धान बिक्री की राशि का भुगतान नियमित रूप से किया जा रहा है।



प्रतिदिन लगभग 500 किसान भुगतान प्राप्त करने के लिए बैंक पहुंच रहे हैं, जिनका नियमानुसार भुगतान किया जा रहा है। इस दौरान दिनेश राजपूत ने बैंक के शाखा प्रबंधक से चर्चा कर कहा कि, विधानसभा क्षेत्र के सभी किसानों को शासन के नियमों के अनुसार समय पर और सुचारु रूप से भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने समिति प्रबंधकों की बैठक लेकर निर्देशित किया कि, सरकार की किसान हितैषी योजनाओं का लाभ हर पात्र किसान तक सरल और पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए।

# कुत्ते का साथ बर्बरता कर वीडियो किया वायरल, दो गिरफ्तार



**लोरमी।** ग्राम धनीडोली सोशल मीडिया में पशु क्रूरता के वायरल वीडियो मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराध पंजीबद्ध कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 6 मार्च को ग्राम धनियाडोली निवासी आकाश साहू पिता भारत साहू उम्र 20 वर्ष ने डिंडौरी चौकी में मौखिक शिकायत दर्ज कराई कि, 4 मार्च को होली मनाने के दौरान कुछ असमाजिक तत्वों ने एक कुत्ते को कपड़ा पहनाकर उसकी आंख व मुंह में रंग-गुलाल एवं कलर स्प्रे डाल कर डंडे, हाथ एवं मुक्के से बेरहमीपूर्वक कुत्ते की पिटाई की। इस तरह आरोपियों ने उस बेजुबान के साथ क्रूरता की। घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम में अपलोड कर वायरल किया गया, जिससे आमजन में आक्रोश की स्थिति उत्पन्न हो गई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी तरुण कुमार साहू, लक्ष्मण साहू, प्रकाश साहू निवासी धनियाडोली चौकी डिंडौरी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 325 एवं धारा 11(1)(क) पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

# रंगपंचमी पर बृज की होली का आयोजन

**गौरेला।** रंग पंचमी के अवसर पर इस वर्ष भी परंपरा का निर्वहन करते हुए बृज की होली का आयोजन गौरेला जनपद के ग्राम गिरवर में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आयोजक भाजपा नेता बृजलाल सिंह राठौर ने बताया कि, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मरवाही के विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची उपस्थित रहेंगे एवं विशिष्ठ अतिथि कल्लू सिंह राजपूत, महेंद्र सोनी, द्वारिका सोनी, रामजी श्रीवास, नगर पालिका परिषद गौरेला की उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा, पार्षद राजेश अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य राजेश नंदिनी आर्मो, पवन पैकरा, भंवर सिंह गोवस, गोपाल अग्रवाल, दिलीप यादव, रितेश फरमानिया, अजय जायसवाल, संदीप जायसवाल, छोटेलाल सोनी, शंकर चक्रधारी, नीरज जैन, आशुतोष मिश्रा, गुड्डू महराज, केशव पांडेय, प्रखर तिवारी सम्मिलित होंगे।

शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान का सकारात्मक असर

# अपने गांव में शराब बिक्री रोकने थाने पहुंचीं महिलाएं



थाना पहुंची महिलाएं।

**रतनपुर।** धार्मिक नगरी रतनपुर में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान का असर अब गांवों में भी देखने को मिल रहा है। इसी से प्रभावित होकर रतनपुर थाना क्षेत्र के बेलतरा गांव की बड़ी संख्या में महिलाएं शनिवार को रतनपुर थाना पहुंचीं और थाना प्रभारी निलेश पांडे से मुलाकात कर अपने गांव में हो रही अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग की। महिलाओं ने बताया कि, रतनपुर थाना प्रभारी निलेश पांडे के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के कई गांवों में महिलाओं की टीम बनाकर अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

इन टीमों के माध्यम से महिलाएं अवैध शराब बेचने वालों की जानकारी पुलिस को दे रही हैं, जिसके बाद पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इस पहल के चलते कई गांवों में अवैध शराब की बिक्री बंद हो चुकी है। बेलतरा गांव की महिलाओं ने भी अपने गांव में इस तरह की टीम बनाकर अवैध शराब की बिक्री बंद कराने की मांग की, ताकि गांव का माहौल सुरक्षित और शांतिपूर्ण बन सके।

## महिलाओं के आगे आने से गांवों का माहौल हुआ बेहतर

इस संबंध में थाना प्रभारी निलेश पांडे ने बताया कि, रतनपुर थाना क्षेत्र के हर गांव में महिलाओं की टीम बनाकर अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान में महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं, जिससे अवैध शराब कारोबारियों पर दबाव बना है और कई गांवों में यह धंधा पूरी तरह बंद हो गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के आगे आने से गांवों का माहौल बेहतर हो रहा है। पहले शराब पीकर घर आने वाले लोगों के कारण महिलाओं में असुरक्षा की भावना रहती थी, लेकिन अब इस अभियान से महिलाएं अपने आप को अधिक सुरक्षित महसूस कर रही हैं।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा भूमिस्वामी हक की परिवर्तित भूमि स्थित वाके मौजा मंगला (बिलासपुर-मुंगेली मुख्य मार्ग), प.ह.नं.35, रा.नि.मं. बिलासपुर, विकास खण्ड बिल्हा, तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि शीट नं.33, भू.क्र. 112/1, खसरा नं.1607/9, रकबा 2688 वर्गफीट (0.0240 हे.) भूमि है, जो कि सभी संबंधित भू-अभिलेखो, राजस्व प्रपत्रों में श्रीमती सपना कलवानी, पति श्री रमेश कलवानी, रमेश कलवानी, पिता स्व. दयाराम कलवानी, निवासी रामा वैली बोदरी, तहसील बोदरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के नाम पर दर्ज है जिसे मेरे द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी गयी है जिसका जल्द ही मेरे द्वारा अपने पक्ष में पंजीयन कार्य कराया जाना है।

उक्त सौदे से यदि किसी भी व्यक्ति, बैंक या संस्था या किसी दीगर को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर लिखित में आपत्ति कर सकता है उसके पश्चात मेरे पक्षकार पर किसी प्रकार का बंधन नहीं होगा व अपने पक्ष में पंजीयन कार्य करा लूंगा।

सो सूचना जाने।

दिनांक 07.03.2026

आवेदक
सिद्धार्थ शुक्ला निवासी मकान न.113 जगमल चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं 9343987708

**समक्ष नोटरी सिविल जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**शपथपत्र**

मै योगेश कुमार मिश्रा उम्र 53 वर्ष पिता भानूप्रताप मिश्रा, निवासी अशोक नगर, सरकण्डा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) का हूँ जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूँ :-

1. यह कि, मै वर्तमान में उपरोक्त शीर्षक पते पर निवासरत हूँ।
2. यह कि, मैनें वर्ष 1987 में कक्षा 10 वी. की परीक्षा छत्तीसगढ़ हायर सेकेण्ड्री स्कूल से तथा कक्षा 12 वीं की परीक्षा लाला लाजपत राय स्कूल जिला बिलासपुर (छ.ग.) से उत्तीर्ण किया हूँ, मेरे अंकसूची में मेरा नाम योगेश कुमार मिश्रा पिता बी.पी. मिश्रा अंकित है, तथा मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में मेरा नाम योगेश मिश्रा पिता भानु प्रताप मिश्रा अंकित है, जो कि एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा ही नाम है।
3. यह कि, यह शपथ पत्र मैं अपने उपरोक्त कथनों के सथर्मन में निष्पादित कर रहा हूँ।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं योगेश कुमार मिश्रा उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 03 में वर्णित समस्त कथन मेरी जानकारी में सत्य व सही है जिसे आज दिनांक 28.02.2026 को मुकाम बिलासपुर में पढ़कर समझकर अपना हस्ताक्षर कर निष्पादित की।

योगेश कुमार मिश्रा
शपथकर्ता

**कार्यालय रा.नि.म. बोदरी, तहसील बोदरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**सूचना पत्र**
सीमांकन/मौका जांच समय उपस्थित होने हेतु

प्रति,

1.विजय राजपाल पिता केशरी सिंह राजपाल निवासी तिफरा 2. विद्याभूषण व्यास निवासी बोदरी 3.आशीष सिंह निवासी रामावैली 4. रानी सिंह निवासी रामावैली 5. सच्चानंद को भूमि अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार

विषय :- सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतू सूचना के संबंध में।

संदर्भ :- भवदीय न्याया, के ज्ञा.क्र./ 509/वा. तह. बोदरी दिनांक 02.03.2026

उक्त विष्यान्तर्गत लेख है कि आवेदक/आवेदिका विजय राजपाल पिता/पति केशरी सिंह निवासी तिफरा द्वारा आवेदित भूमि ग्राम बोदरी प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. व तहसील बोदरी स्थित भूमि म.नं. -03 ख.नं. 15005 रकबा 0.2550 हेक्टेयर भूमि के संबंध में प्रस्तुत आवेदन पर सीमांकन हेतू छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। धारणाधिकार परिवर्तित दर्ज करने हेतु प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जानकारी निम्नानुसार है।

संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन/मौका जांच दिनांक 13/03/2026 को 12:00 बजे को किया जाना है । अतः उक्त भूमि से संबंधित अपने समस्त दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित रहें

टीपः उपरोक्त सीमांकन/मौका जांच अपरिहाय कारणों से तिथि में बदलाव किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक, रा.नि.मं.-बोदरी
तहसील-बोदरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

विदित हो कि नगर निगम के अंतर्गत मौजा बोदरी राजस्व निरीक्षक मंडल बोदरी प.ह.नं. 00001 तहसील बोदरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 205/24 रकबा 1950 sqft है जो कि सभी राजस्व अभिलेखों में प्रवीण कुमार अग्रवाल पिता राम प्रताप अग्रवाल पता शाह प्रसाद हाइट्स सहकारा नगर खानापुरम हवेली तेलंगाना के नाम पर दर्ज है, उक्त भूमि का सौदा मेरे द्वारा किया गया है जिसका पंजीयन निकट भविष्य में किया जाना है उक्त क्रय विक्रय से यदि किसी व्यक्ति, शासकीय या अर्ध शासकीय संस्था, निकाय को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय दस्तावेज सहित इस सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर मुझसे संपर्क करे। विक्रय पंजीयन उपरांत की गई आपत्ति अमान्य होगी एवं विक्रेता पर बंधनकारी नहीं होगा। सो सूचना जाने

दिनांक-08/03/2026

भवदीय
जितेंद्र वर्मा
विद्या नगर बिलासपुर,
मो. 8827186686,9893183045

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित

सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ

प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

**खबर संक्षेप**

### रेस्क्यू करने गए युवक को सांप ने काटा



**बिलासपुर**। इंस्टाग्राम और फेसबुक के माध्यम से सांप के रेस्क्यू पर गए एक लड़के को सांप ने काट दिया। उसे इलाज के लिए सिम्स अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उसकी हालत स्थिर है। बताया जा रहा है कि सिरगिट्टी में रहने वाले रॉबट नाइजस पिछले 8 सालों से सांपों को पकड़ने और उन्हें सुरक्षित जंगलों में छोड़ने का काम करते हैं। शनिवार को सिरगिट्टी बन्नाक चौक के पास निजी जमीन पर जहरीला सांप निकला था, सांप को देख लोग में अफरा-तफरी मच गई। किसी ने रॉबट को सांप को रेस्क्यू करने का काम सौंपा। इस दौरान रॉबट ने जहरीले सांप का रेस्क्यू कर लिया और उसे अपने साथ रखकर फदहाखार पहुंचे। रॉबट ने सांप को रिलीज करने के लिए जैसे ही बोरी खोली, सांप उसपर कूद गया और हाथ में काटकर जंगल की ओर निकल गया। सांप के काटने के बाद रॉबट को सिम्स अस्पताल में भर्ती किया गया है। जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

### वीडियो वायरल करने की धमकी, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर**। अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर एक युवक से 1 लाख रुपए की मांग करने वाली महिला के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। पचपेड़ी थाना प्रभारी राज सिंह ने बताया, केंवतरा आवासपारा निवासी नोहर कुमार सूर्यवंशी पिता हरीराम सूर्यवंशी ने रिपोर्ट लिखाई। 1 फरवरी की शाम धुर्वाकारी निवासी रोशनी खुंटे के बेटे के बथर्ड में वे अपने महिला मित्र के साथ उनके घर गए थे। रोशनी खुंटे ने अपने परिवार के सदस्यों को घर से बाहर भेज दिया। उसके बाद वह नोहर कुमार को उसकी महिला मित्र के साथ संबंध बना लो कहकर अपने बेडरूम में ले गई। झांसे में आकर नोहर कुमार ने अपनी महिला मित्र के साथ संबंध बनाया। बाद में महिला ने उसकी व महिला मित्र का अश्लील वीडियो स्क्रीनसॉट भेज पूरा वीडियो बना लेने की बात कहते हुए 1 लाख रुपए की मांग की, रुपए नहीं देने पर वीडियो वायरल कर देने की धमकी देने लगी। पुलिस ने रोशनी खुंटे के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई: जुर्म दर्ज

**बिलासपुर**। धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। शुक्रवार को एक समाज के लोगों ने सरकण्डा पहुंचकर अपने समाज के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले वीडियो पेश कर वीडियो वायरल करने वाले राम सिंह के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। पुलिस ने उनकी शिकायत पर राम सिंह के खिलाफ बीएनएस की धारा 299, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### एयू ने भेजा प्रश्नपत्र व उत्तरपुस्तिका

**बिलासपुर**। अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध कालेजों में पुरानी पद्धति से स्नातक सेकंड व थर्ड ईयर एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं की वार्षिक परीक्षा 9 मार्च से शुरू हो रही है। इस वार्षिक परीक्षा के लिए अटल यूनिवर्सिटी ने शनिवार को सभी 76 परीक्षा सेंटरों में परीक्षा के लिए प्रश्न-पत्र और उत्तरपुस्तिका रवाना कर दी है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पिछले वर्ष से कालेजों में फर्स्ट ईयर से लागू हुई है। लेकिन सेकंड और थर्ड ईयर वालों के लिए पुरानी पद्धति से अभी वार्षिक परीक्षा आयोजित की जा रही है। यह वार्षिक परीक्षा अटल यूनिवर्सिटी 9 मार्च से आयोजित करने जा रही है और परीक्षा दो पालियों में सुबह 7 से 10 बजे एवं दोपहर 3 से 6 बजे तक होगी। परीक्षा के लिए 76 कालेजों में सेंटर बनाए गए हैं और सभी सेंटरों के लिए आज विवि के परीक्षा, गोपनीय विभाग द्वारा प्रश्न पत्र सहित उत्तरपुस्तिका वाहनों में भरकर रवाना कर दी गई है। परीक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के वार्षिक परीक्षा की तैयारी पूरी हो गई है और जहां पर परीक्षार्थियों की संख्या कम थी वहां पर परीक्षा सेंटर नहीं बनाया गया है। वहां के परीक्षार्थियों को आसपास के सेंटरों में शिफ्ट किया गया है।

**स्टेशन में यात्री ट्रेनों के पहुंचने का समय भी निश्चित नहीं रह गया**

**हावड़ा और मेल के साथ दूसरे रूट की ट्रेनें पहुंच रही हैं घंटों लेट**

# रेल लाइन पर दौड़ रहीं मालगाड़ियां, यात्री गाड़ियों की गति धीमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीआर के बिलासपुर डिवीजन अंतर्गत हावड़ा-मुम्बई मेन लाइन के अलावा कटनी सीआईसी सेक्शन में पेण्ड्रारोड से कटनी मुरवारा तक तीसरी लाइन का काम पूरा कर दिया गया है। इन सभी लाइनों पर मार्च एंडिंग के कारण केवल मालगाड़ियां ही चलती हुई दिखाई दे रही हैं, जिसकी वजह से यात्री गाड़ियों की रफ्तार काफी धीमी हो गई है। धीमी गति और आउटर में ट्रेनों को रोकने के कारण बिलासपुर स्टेशन में भी यात्री ट्रेनों के पहुंचने का समय भी कोई निश्चित नहीं रह गया है।

रेल प्रशासन यात्रियों की सुविधा के लिए यात्री गाड़ियों की समयबद्धता को ठीक करने के लिए बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच चौथी लाइन का कार्य कर रही है। वहीं बिलासपुर-कटनी मार्ग पर अनूपपुर से कटनी तीसरी लाइन परियोजना को 2311.02 करोड़ रुपए की लागत लगाकर 165.52 किलोमीटर का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। वर्तमान में अब इस सेक्शन में पेण्ड्रारोड से कटनी तक तीसरी लाइन पूरी हो गई है।



पिछले कई वर्षों से लाइन का निर्माण कार्य और स्टेशनों से जोड़ने की वजह से यात्री ट्रेनों को भी रद्द किया गया था। नई तीसरी रेल लाइन के बनने से यात्रियों के लिए अतिरिक्त ट्रेनों की सुविधा उपलब्ध होगी। कटनी सेक्शन के बीच बनाई गई तीसरी लाइन के अलावा इलेक्ट्रिफिकेशन व अन्य कार्य किए गए हैं। 2311.02 करोड़ रुपए की लागत से 165.52 किलोमीटर तक बनाई गई तीसरी लाइन को 17 स्टेशन से जोड़ा गया है, जिसमें 1 जंक्शन स्टेशन अनूपपुर और दो यात्री हॉल्ट सिंहपुर और विलायतकला है। इसमें 27 बड़े पुल और 108 छोटे पुल निर्माण किए गए हैं। इसके अतिरिक्त एक रेलवे ओवरब्रिज और 16 अंडरब्रिज का भी निर्माण किया गया है।

पेण्ड्रारोड से कटनी मुड़वारा तक तीसरी लाइन बनने के बाद ट्रेनों के परिचालन में कुछ सुधार तो आया है, लेकिन वर्तमान में बिलासपुर से पेण्ड्रारोड स्टेशन के बीच में ट्रेनों के आवागमन की समय-सारिणी बिगड़ी हुई है। इन दोनों स्टेशन के बीच अभी भी दोहरी लाइन पर गाड़ियां चल रही है, जिसमें मालगाड़ियों को चलाने के लिए यात्री ट्रेनों को कहीं भी किसी भी जगह घंटो नियंत्रित करना पड़ रहा है। यात्रियों को होने वाली परेशानी और ट्रेनों के समय पर परिचालन करने को लेकर अब बिलासपुर से पेण्ड्रारोड स्टेशन के बीच तीसरी लाइन का कार्य भी सेंक्शन हो गया है, जिसकी लागत करीब 2 हजार करोड़ रुपए है। इस कार्य की शुरुआत नहीं होनें की वजह से केवल दो लाइन पर ही गाड़ियों का परिचालन हो रहा है।

### हावड़ा-मुम्बई लाइन का हाल बेहाल

इसी तरह का स्थिति हावड़ा से मुम्बई मेन लाइन पर बनी हुई है। बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच चौथी लाइन का काम वर्तमान में किया जा रहा है। वहीं बिलासपुर के बाद रायपुर से गोंदिया के बीच चौथी लाइन निर्माण कार्य शुरु कर दिया गया है। इन लाइनों के निर्माण कार्य के कारण केवल यात्री गाड़ियों को ही रद्द करने के साथ आउटर या कहीं भी छोटे स्टेशनों पर घंटो नियंत्रित किया जा रहा है, जिसके कारण यात्री समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पा रहे हैं।

### समय में किया जाएगा सुधार

बिलासपुर से पेण्ड्रारोड के बीच वर्तमान में दो लाइन है, जिसमें तीसरी लाइन का कार्य भी किया जाना है। वहीं बिलासपुर से झारसुगुड़ा सेक्शन में भी चौथी लाइन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। घंटो लेट पहुंचने वाली यात्री ट्रेनों के संबंध में संबंधित विभाग से जानकारी लेकर समय में सुधार किया जाएगा, ताकि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी न हो।

**-अनुराग कुमार सिंह,**
सीनियर डीसीएम,
रेल मंडल बिलासपुर

**शिकायत पर पहुंची निगम की टीम से धक्का मुक्की**

# बिना अनुमति बोर कराया, निगम इंजीनियर से विवाद, गाली-गलौज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकारी जमीन पर कब्जे के साथ ही बिना अनुमति निर्माण के खिलाफ शनिवार को निगम ने अभियान चलाया। इस दौरान कई जगहों पर विवाद की स्थिति बनी। निगम टीम के साथ धक्का मुक्की और गाली गलौज की गई। जरहाभाठा ओमनगर में कार्रवाई के दौरान निगम के इंजीनियर जुगल सिंह के साथ सलूजा परिवार द्वारा गाली गलौज की गई। इसकी शिकायत उन्होंने निगम कमिश्नर से की है। इसी तरह मंगला धूरीपारा में निगम टीम को रोकने की कोशिश की गई।

निगम इंजीनियर जुगल सिंह ने बताया कि जरहाभाठा जतिया तालाब पास के निवासी नीरज सिंह ने निगम आयुक्त से शिकायत की थी कि 31 मार्च की रात 3 बजे के करीब उनके घर के दीवार के बगल में खुली भूमि पर बोर करवाया गया था। यह काम काफी गहराई में और बिना किसी सुरक्षा के हुआ है। इसके कंपन से नीरज सिंह के घर का बोर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मिट्टी से भर गया। इससे जल सप्लाई भी प्रभावित हुई है। इस मामले में निगम ने जांच कराई तो पता चला कि बोर सरित सलूजा पति प्रीतम सलूजा (दयालबंद) द्वारा बिना अनुमति ओमनगर में बोरिंग कराया गया है। निगम ने शिकायत सही पाए जाने पर कार्य बंद कराते हुए सलूजा परिवार को नोटिस जारी किया। कार्रवाई के दौरान सलूजा परिवार द्वारा विवाद किया गया। निगम की टीम ने नक्शा स्वीकृति की जानकारी मांगने पर नहीं दी गई और ना कोई अनुमति पत्र दिखाया गया। कार्रवाई के दौरान पता चला कि शासकीय जमीन धरसा पर भी सलूजा परिवार का कब्जा है।



अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई करता निगम का अमला।

### अवैध अतिक्रमण, बैनर, पोस्टर, फ्लेक्स और होर्डिंग हटाए गए

इसके साथ ही आवागमन बाधित होने और लगातार लग रहे जाम से राहत दिलाने के लिए नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया। अभियान के दौरान सड़क किनारे दुकानों के सामने किए गए अतिक्रमण को बुलडोजर से हटाया गया। साथ ही अवैध कब्जा करने वाले व्यापारियों पर भी कार्रवाई की गई। शहर के अग्रसेन चौक से पुराना बस स्टैंड, श्रीकांत वर्मा मार्ग और महाराणा प्रताप चौक से नेहरू चौक तक के क्षेत्रों को पहले ही ट्रैफिक वायलेशन फ्री जोन घोषित किया जा चुका है। इसके बाद भी आए दिन कब्जे की शिकायत मिलती रहती है। पुलिस, जिला प्रशासन और नगर निगम के समन्वय से अवैध अतिक्रमण, बैनर, पोस्टर, फ्लेक्स और होर्डिंग हटाए जा रहे हैं।

### मंगला धूरीपारा में भी हुई कार्रवाई

इसी तरह की शिकायत के पर निगम की टीम मंगला धूरीपारा पहुंची। यहां एक कालोनाइजर द्वारा मुख्य सड़क और शासकीय जमीन पर अवैध होर्डिंग लगाकर प्लाटिंग की जानकारी दी जा रही थी। निगम ने पूरे बोर्ड को हटवा दिया। इस दौरान जमीन दलाल और उसके साथियों ने विवाद किया। इसके साथ ही मंगला की शासकीय जमीन पर अवैध तरीके से बनाए जा रहे मंदिर का काम भी रुकवाया गया है।

### टंगिया से हमलाकर युवक का सिर फोड़ा

**बिलासपुर**। पैर लगने से शराब का गिलास गिरने पर एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट कर सिर पर टंगिया से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, महामाया होम्स निवासी दीपू भार्गव पिता देवचरण भार्गव 5 मार्च की रात 12.30 बजे अटल आवास अपने भाई राहुल टंडन के घर काम से गया था। लौटते समय सीढ़ी में सन्नी मानिकपुरी शराब पी रहा था। उसका पैर लगने से शराब का गिलास गिर गया। जिससे सन्नी उनके साथ गाली गलौज करने लगा। मना करने पर आक्रोशित हो गया। विवाद होते देख उसके दोस्त सूरज चौहान, रज्जू मरकाम, झोलटू लहरे आ गए। उसके साथ मारपीट करते हुए नीचे उतारकर डंडा व टंगिया से हमला कर सिर फोड़ दिया है।

### आटो चालक पर हंसिया से जानलेवा हमला

**बिलासपुर**। दवाई लेने मेडिकल दुकान गए आटो चालक पर दो लोगों ने हंसिया से जानलेवा हमला कर दिया है। पुलिस ने दोनों हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, मोपका निवासी आटो चालक विष्णु ध्रुव पिता गणेश राम ध्रुव 3 मार्च को दवाई लेने के लिए चौक के मेडिकल स्टोर गए थे। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर सोमनाथ शर्मा, महिला आशिकी ध्रुव गाली गलौज करने लगे। सोमनाथ ने टंगिया से फेककर मारा हट जाने से बच गए। उसके बाद आशिकी ध्रुव ने हंसिया से हमला किया। उन्हें इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया था। छुट्टी होने पर 6 मार्च को उन्होने घटना की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर आशिकी ध्रुव, सोमनाथ शर्मा के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

# धीमी गति से चल रहा एयरपोर्ट पर निर्माण




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासा एयरपोर्ट पर चल रहे कैंटीन, टॉयलेट, वेटिंग एरिया निर्माण का काम नींव तक पहुंचा है। इस बारे में मुख्य सचिव ने दो बार शपथ पत्र देकर जल्द निर्माण खत्म होने की बात कही है, लेकिन निर्माण कार्य की गति 9 दिन चले अढ़ाई कोस साबित हो रही है।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट के बाहर लोगों की मांग पर वेटिंग एरिया, टॉयलेट- कैंटीन आदि निर्माण कार्य चल रहा है। कार्य की गति अत्यधिक धीमी होने के कारण महज नींव का ही कार्य पूर्ण किया जा सका है। कार्य की गति पर मुख्य सचिव ने हाईकोर्ट में दो बार शपथ पत्र दिया है, दोनों बार की समय अवधि पूर्ण हो चुकी है, लेकिन निर्माण पूरा नहीं हो सका है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा कि गोयल टीएमटी कंपनी के सीएसआर फंड द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है, पर निर्माण कार्य में जबरिया लेट लतीफी की जा रही है।

- **गोयल टीएमटी के सीएसआर फंड से किया जा रहा है निर्माण कार्य**

6 माह पहले यह कार्य कंपनी को दिया गया था कि उसे 2 महीने में पूरा किया जाना है, लेकिन काम की प्रगति प्लिंथ बीम ही ढलाई तक पहुंची है। काम की गति को देखते हुए अंदाजा लगाया जा सकता है कि अभी भी काफी काम बाकी है। खास बात यह है कि जिस ठेकेदार को कंपनी ने निर्माण के लिए अनुबंधित किया है, उसके पास कांक्रीट मिक्सर मशीन तक नहीं है। मजदूरों के द्वारा कांक्रीट बनाया जा रहा है, जिससे गुणवत्ताहीन होने की आशंका बढ़ रही है। निर्माण कार्य की कोई मॉनिटरिंग या समीक्षा नहीं की जा रही है।

# शहर के फरार 6 सटोरियों पर ईनाम की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसएसपी ने शहर में क्रिकेट सट्टा खिलाने के मामले में फरार चल रहे नामी 6 सटोरियों की सूचना देने पर 5 - 5 हजार रुपए ईनाम देने की घोषणा की है।



सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने बताया, सिवल लाइन में आनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाने के दर्ज अलग अलग मामले में 6 सटोरिए लंबे समय से फरार हैं। पुलिस उनके संभावित स्थानों में दबिश देकर पतासाजी कर रही है, किन्तु उक्त सभी फरार सट्टाकिंग गिरफ्तारी के भय से गिरफ्तारी से बच रहे हैं।

एसएसपी रजनेश सिंह ने फरार सट्टाकिंग के संबंध में सूचना देने वाले को 5 - 5 हजार रुपए ईनाम देने की घोषणा की गई है। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

### टी 20 वल्ड कप में नहीं पकड़ाया सट्टा

8 मार्च को टी 20 विश्व कप का फाइनल मैच होने वाला है। मजेदार बात यह है कि इस दौरान पुलिस एक भी शहर में क्रिकेट सट्टा खिलाने वालों को नहीं पकड़ पाई है। सूत्रों के मुताबिक खाईवाल शहर से बाहर रहकर आनलाइन के माध्यम से बेखौफ क्रिकेट सट्टा खिला रहे हैं।

### फरार सट्टाकिंग

- राज चेतानी पिता दिलीप चेतानी 35 साल सिंधी कालोनी
- सोमू उर्फ अभिजीत दुबे पिता स्व. सतीश दुबे 38 साल कुदूदण्ड मंगला चौक
- राजेश उर्फ राजा बजाज पिता किशन बजाज 32 साल गार्डनसिटी मोपका रोड राजकिशोरनगर
- सागर चेतवानी पिता स्व. हरिराम चेतवानी 37 साल शिवघाट पुराना सरकण्डा हालमुकान रामावैली बोदरी
- रोहित पंजवानी पिता नारायण दास पंजवानी 36 साल चकरभाठा कैम्प
- प्रकाश पंजवानी पिता स्व. हरिराम पंजवानी 37 साल सांई भूमि तोरवा

### एक माह पहले पकड़े गए थे तीन खाईवाल

एक माह पहले पुलिस ने टीम बनाकर क्रिकेट सट्टा खिलाने वाले खाईवालों की धरपकड़ शुरू की थी। इस दौरान विनोबानगर निवासी आशु अग्रवाल, गोंड़पारा निवासी रविरमानी व एक अन्य को पकड़कर कार्रवाई की गई थी। उसके पहले गौरवपथ रोड निवासी खाईवाल दिनेश टेकवानी को गिरफ्तारी कर जेल भेजा गया था। ये सभी खाईवाल शहर में सक्रिय होकर लंबे समय बेखौफ आनलाइन के माध्यम से क्रिकेट सट्टा खिला रहे हैं।

# दो भाइयों के परिवार के बीच जमकर मारपीट

**एक पक्ष लगा रहा धर्म परिवर्तन का आरोप**

**बिलासपुर**। होली के दिन दो भाइयों के परिवार के बीच जमकर मारपीट हुई है। सोशल मीडिया में एक पक्ष दूसरे पर धर्म परिवर्तन करने का आरोप लगा रहे हैं। इधर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

तिफरा कुंदरापारा निवासी तोमन खांण्डे की सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उसने आरोप लगाया है। उसका भाई कुनाल एवं उसके बच्चे 15 साल पहले धर्मपरिवर्तन कर सामाज से बाहर हो गए हैं। उनके द्वारा उन्हें जबरिया धर्म परिवर्तन करने के लिए दबाव बनाकर मारपीट की जाती है। 4 मार्च होली के दिन उसी बात को लेकर विजय खाण्डे, मोहत, दरस खाण्डे ने मारपीट करते हुए घर में तोड़फोड़ की है। हमलावर में एक युवक डायल 112 का चालक है जो अपने आपको पुलिसकर्मी बताकर रूतबा दिखाता है। इसी तरह से दूसरे पक्ष से विजय खाण्डेय ने आरोप लगाया है, पुरानी रंजिश की बात को लेकर टोमन खाण्डे, सोनू खाण्डे, बंटी खाण्डे ने गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट की है। बहरहाल पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर गाली गलौज मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

### धर्मपरिवर्तन की बात नहीं आई

होली के दिन दोनों भाइयों के पक्ष के बीच मारपीट हुई थी। एफआईआर में धर्मपरिवर्तन की बात नहीं लिखाई गई है। पैतृक जमीन को बेचने पर पैसा के लेनदेन को लेकर दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई थी।

**-किशोर केंवट**, सिरगिट्टी टीआई

### गुटबाजी कर दंगा करने वाले 3 बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर**। गुटबाजी कर दंगा करने वाले 3 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, 6 मार्च रात 8.30 बजे लालखदान चौक के पास आपस में युवकों के बीच मारपीट होने की सूचना मिली। उन्होंने स्टाफ के साथ मौके पर दबिश देकर दंगा फैलाने वाले जय कुमार केंवट पिता जगमोहन लाल केंवट 23 साल तोरवा, नंदकिशोर यादव पिता रामा यादव 30 साल लालखदान, शोभित निषाद पिता सरवन निषाद 19 साल हेमनगर निवासी को पकड़ लिया। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

# सागौन तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर सागौन सहित अन्य प्रजातियों की लकड़ी तस्करी करने वाले आरोपी को पकड़ा है। टीम ने आरोपी के पास से लाखों की लकड़ी सहित अन्य सामानों को जब्त कर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार होली पर्व से लगातार जंगल में पेट्रोलिंग की जा रही है, ताकि अवैध लकड़ी कटाई और वन्यप्राणियों के शिकार की घटना को रोका जा सके। इसके लिए विशेषकर उच्चाधिकारियों ने सभी रेंज को दिन के साथ रात में भी पेट्रोलिंग करने का आदेश जारी किया है। वन विभाग के अफसरों के आदेश पर बिलासपुर वन मंडल के कोटा वन परिक्षेत्र में परिक्षेत्र अधिकारी देवसिंह मरावी, परिक्षेत्र सहायक बेलगहना शिव पैकरा, खोंगसरा के नरेन्द्र सिंह बैसवाड़े, केंदा के प्रमोद मिश्रा, टेंगनमाड़ा के सूरज मिश्रा, बीएफओ सोमप्रकाश जयसिंधु, संत कुमार वाकरे, बीएफओ नवीन सिंह बंजारा, वाहन चालक राजनारायण यादव पेट्रोलिंग कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि गोबरीपाठ निवासी निवासी शत्रुहन बंजारे पिता शंभु बंजारे के घर सागौन व अन्य प्रजाति की लकड़ी रखी हुई है। वन परिक्षेत्र अधिकारी के निरीक्षण में शत्रुहन बंजारे के घर दबिश दी गई, जहां सागौन बल्ली 27 नग, साल बल्ली 2 नग, नीलगिरी बल्ली 19 नग, अन्य प्रजाति की बल्ली 4 नग, मिश्रित प्रजाति के चिरान 193 नग, जलाऊ चट्टा, लक्खा आरा 9 नग सहित लाखों रुपए के सामान भी मिले। टीम ने लकड़ी सहित अन्य सामानों को जब्त करने के बाद वन अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरु कर दी है।



### घर के आंगन में खड़ी दो स्कूटी में लगाई आग, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर**। घर के आंगन में खड़ी दो स्कूटी को अज्ञात लोगों ने आग लगाकर जला दिया है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। तारबाहर पुलिस के अनुसार, रेलवे कंस्ट्रक्शन कालोनी निवासी सीमा चक्रधारी पति स्व. दीपक चक्रधारी का परिवार 5 मार्च की रात 11 बजे बाउंड्रीवाल के दरवाजा बंद कर खाना खाने के बाद सो गए। रात 3 बजे पटाखा की आवाज सुनकर बाहर निकले तो आंगन में खड़ी स्कूटी व एक्टिवा जल रही थी। घरवाले पानी डालकर आग बुझाए। आग लगाने से दोनों स्कूटी जलकर क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 326 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।






# 8TH MARCH WOMEN'S DAY विश्व महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...



सशक्त महिलाएँ ही दुनिया को सशक्त बनाती हैं।






































सुमीत बाजार
Women's Day
Celebration Offer
8th to 12th
MARCH 2026
Happy Women's Day
महिला दिवस का
खास तोहफ़ा
NAUTICA
24" प्रीमियम ट्रैवल सूटकेस
MRP. ₹11,999/- ₹1999/-
NAUTICA
4 पीस सेट
प्रीमियम क्वालिटी ट्रैवल कोम्बो
MRP. ₹9999/- ₹1699/-
GIORDANO
कॉलेज एवं ऑफिस उपयोगी बैगपैक
MRP. ₹2499/- ₹399/-
LAWMAN Pg3
किंग साईज डबल बेडशीट सेट
MRP. ₹1899/- ₹499/-
DREAMLINE essentials
MICROFIBER DISH DRYING MAT
ड्रीमलाईन माइक्रो फाईबर डिशमैट
MRP. ₹159/- ₹9/-
यह ऑफर ₹699 की खरीदी पर है
ऑफर स्टॉक रहने तक
ऑफर में दिखाये गये चित्र मात्र सांकेतिक है
नियम व शर्तें लागू.
राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर